
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 246 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, शनिवार 23 मार्च 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



हमें सिखाती है जिनवाणी,
कोई कष्ट न पावें प्राणी।
Jinwani teaches not to trouble animals.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### बहुजन समाज पार्टी ने लोकसभा चुनाव में दो प्रत्याशी के नाम घोषित किये

**रायपुर (विसं)।** बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव में जांजगीर चांपा से डॉ. रोहित कुमार डहरिया एवं बस्तर से आयतुराम मंडावी का नाम घोषित किया है। आगामी लोकसभा चुनाव में अन्य सीटों पर पार्टी अध्यक्ष के निर्देशा अनुसार जल्द नाम घोषित किये जाएंगे। उक्त जानकारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन ने दी।

### कार में मिला 6 लाख नगद, पुलिस ने किया जब्त

**रायपुर (विसं)।** जिले की मंदिर हसौद थाना पुलिस तथा एंटी क्राईम एंड साईबर यूनिट की टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान टोल नाका के पास से एक कार से 6 लाख रूपये नगद बरामद किया है। वाहन चालक द्वारा नगदी के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नही करने पर रकम जब्त कर अग्रिम कार्यवाही हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा गठित कमेटी में भेजा गया है।

### सर्व आदि दल पार्टी ने दो प्रत्याशी घोषित किये

**रायपुर (विसं)।** सर्व आदि दल लोकसभा चुनाव में चुनाव चिन्ह तुरही फूंकता आदमी चुनाव चिन्ह पर प्रदेश की 11 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगा। दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरूण पन्नालाल ने बताया कि पार्टी ने दो प्रत्याशी बस्तर सीट से रामलाल पोडीयाम चुनाव लड़ेंगे एवं कांकेर लोकसभा से द्वितीय चरण में शिव लाल नाग चुनाव लड़ेंगे।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिला भूटान का सर्वोच्च सम्मान, किया 140 करोड़ भारतीयों को समर्पित



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दो दिन के भूटान दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भूटान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया गया। भूटान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान पाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहले विदेशी शासनाध्यक्ष बन गए हैं।

भूटान दौरे पर पहुंचे पीएम मोदी को वहां के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित किया। बता दें कि अपनी स्थापना के बाद से यह पुरस्कार केवल चार प्रतिष्ठित हस्तियों को प्रदान किया गया है। ऐसे में पीएम मोदी भूटान के इस सर्वोच्च नागरिक सम्मान को पाने वाले पहले विदेशी शासनाध्यक्ष हैं। इससे पहले 2008 में महामहिम रॉयल क्वीन दादी आशी केसांग चोडेन वांगचुक, परम पावन जे थ्रिजुर तेनज़िन डेंडुप (भूटान के 68वें जे खेंपो) और 2018 में परम पावन जे खेंपो त्रुलकु न्गावांग जिग्मे चोएद्रा को यह सम्मान दिया जा चुका है।

इस सम्मान को पाने के बाद इसका वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर कर पीएम मोदी ने लिखा कि, भूटान द्वारा 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' पुरस्कार से सम्मानित होने पर गर्व महसूस कर रहा हूं। मैं इसे 140 करोड़ भारतीयों को समर्पित करता हूं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भूटान की अपनी दो दिवसीय राजकीय यात्रा शुरू करते हुए शुक्रवार को यहां भूटान के नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से मुलाकात की. भूटान नरेश से मुलाकात से पहले मोदी का भव्य स्वागत किया गया. प्रधानमंत्री मोदी 'पड़ोस प्रथम' की नीति के तहत भूटान के साथ भारत के अनूठे संबंधों को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर भूटान पहुंचे.

# 28 मार्च तक ईडी की रिमांड पर रहेंगे अरविंद केजरीवाल

## केजरीवाल की पत्नी बोली- यह गिरफ्तारी दिल्ली के लोगों के साथ धोखा



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 28 मार्च तक ईडी की रिमांड पर भेज दिया है। इससे पहले दोनों पक्षों ने कोर्ट में दलीलें दीं जिस पर फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। अब खबर आई है कि उन्हें 28 मार्च तक ईडी की रिमांड पर भेज दिया गया है। केजरीवाल की ओर से पेश हुए वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध किया, साथ ही ये सवाल भी उठाया कि जब ईडी के पास सब कुछ है तो गिरफ्तारी क्यों की गई है।

वहीं, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता के अहंकार में उनके पति को गिरफ्तार कराया जो यहाँ के लोगो के साथ धोखा है। सुनीता केजरीवाल दिल्लेवासियों के नाम एक संदेश में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, आपके तीन बार चुने हुए मुख्यमंत्री को मोदीजी ने सत्ता के अहंकार में गिरफ़्तार करवाया। सबको कुचलने में लगे हैं। यह दिल्ली के लोगो के साथ धोखा है। आपके मुख्यमंत्री हमेशा आपके साथ खड़े रहें हैं। अंदर रहें या बाहर, उनका जीवन देश को समर्पित है।जनता जनार्दन है सब जानती है। जय हिन्द। उल्लेखनीय है प्रवर्तन निदेशालय ने कथित शराब घोटाले में केजरीवाल को कल रात ने गिरफ़्तार किया था।

**'आप' ने केजरीवाल की सुरक्षा को लेकर जताई चिंता :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर 'आप' और भाजपा नेताओं के बीच बयानबाजी का दौर जारी है। आप नेता जहां ईडी की हिरासत में केजरीवाल की सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर कर रहे हैं, वहीं भाजपा ने पलटवार करते हुए याद दिलाया है कि तिहाड़ जेल का प्रशासन आम आदमी पार्टी की सरकार के पास ही है। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने कहा, देश में पहली बार एक सिटिंग मुख्यमंत्री को गिरफ़्तार किया गया है।

# स्वास्थ्य सेवाओं को बदहाली से खुशहाली की ओर लाई मोदी सरकार : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र को बदहाली से खुशहाली की ओर ले जाने वाली सरकार बताते हुए हमीरपुर संसदीय क्षेत्र और हिमाचल प्रदेश में अभूतपूर्व मेडिकल सुविधाएँ मिलने की बात कही है। इसके साथ ही उन्होंने पिछले 10 वर्षों में पूरे देश में मोदी सरकार द्वारा मेडिकल क्षेत्र में लाए गए ऐतिहासिक परिवर्तनों का उल्लेख किया है।



अनुराग ठाकुर ने बताया, अच्छी स्वास्थ्य सेवा किसी भी राष्ट्र की बुनियादी आवश्यकता है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की मोदी सरकार ने पिछले एक दशक के कार्यकाल स्वास्थ्य सेवाओं को बदहाली से खुशहाली की ओर खींचा है। मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में हेल्थकेयर में हिमाचल को भी कई बड़ी सौग़ातें दीं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमने पिछले 10 वर्षों में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र और हिमाचल प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने का हर संभव प्रयास किया है। मैंने अपने निजी प्रयासों से भी कई योजनाएं अपने स्वजनों के लिए चालू की हैं जिनका जमीनी स्तर पर सकारात्मक व सुखद परिणाम देखने को मिला है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र और आसपास के क्षेत्र के लिए स्वयं द्वारा चलाए जा रहे विशेष मेडिकल योजनाओं की जानकारी देते हुए अनुराग ठाकुर ने बताया, सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा जिसे हमने 2018 में दो मोबाइल मेडिकल यूनिट्स के साथ चालू किया था।

# अरविंद केजरीवाल के घर पहुंचे सीएम भगवंत मान, परिजनों से की मुलाकात

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान आज दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के परिजनों से मिलने के लिए उनके घर पहुंच चुके हैं। केजरीवाल शराब नीति घोटाले के मामले में गिरफ्तार हैं। आप के एक पदाधिकारी ने कहा, ''मान केजरीवाल के परिवार के सदस्यों से मिलेंगे। इससे पहले आज सुबह दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय भी केजरीवाल के परिजनों से मिलने उनके आवास पर पहुंचे।

# शरद पवार ने केजरीवाल की गिरफ्तारी पर कहा- इससे 'आप' को होगा फायदा



**मुंबई (आरएनएस)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (सपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की निंदा की और कहा कि आम आदमी पार्टी लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करेगी। शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए, शरद पवार ने कहा कि आप देख रहे हैं कि कैसे केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी दलों और उनके नेताओं के खिलाफ किया जा रहा है। उन्होंने सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी की आलोचना की। उन्होंने बताया कि जब सीएम केजरीवाल को इसी तरह से परेशान किया गया था, तो उन्होंने दो मौकों (2015 और 2020) में दिल्ली विधानसभा चुनावों में क्लीन स्वीप किया था। पवार सीनियर ने भविष्यवाणी की कि इस बार भी 'आप' को चुनाव में सहानुभूति वोट मिलेंगे।

# बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा के शिवसेना में शामिल होने की संभावना

**मुंबई (आरएनएस)।** बॉलीवुड अभिनेता और पूर्व सांसद गोविंदा के एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले धड़े में शामिल होने की संभावना है। बॉलीवुड अभिनेता को मुंबई उत्तर पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र से शिवसेना-यूबीटी के अमोल कीर्तिकर के खिलाफ मैदान में उतारा जाएगा, जो शिंदे खेमे के मौजूदा सांसद गजानन कीर्तिकर के बेटे हैं। शिंदे की मौजूदगी में जल्द ही गोविंदा की एंट्री होने की उम्मीद है। संपर्क करने पर शिंदे गुट के प्रवक्ता ने इस बारे में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

# कोषालयों में शासकीय विभागों के सभी प्रकार के बिलों को दी जाएगी ऑनलाईन मंजूरी

## आहरण संवितरण अधिकारी बिलों में करेंगे डिजिटल हस्ताक्षर, बिलों की मंजूरी में आएगी तेजी, बढ़ेगी पारदर्शिता

### वित्त सचिव मुकेश कुमार ने तैयारियों का लिया जायजा



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के सभी कोषालयों में अधिकारी-कर्मचारियों के सैलरी बिल के अलावा अन्य बिलों को भी अब ई-कोष के माध्यम से ऑनलाईन स्वीकृति दी जाएगी, इसके लिए तैयारियां वित्त विभाग द्वारा शुरू कर दी गई है। सभी विभागों के आहरण संवितरण अधिकारियों को कोषालय में ऑनलाईन बिल भेजने के लिए डिजिटल सिग्नेचर की सुविधा भी दी जा रही है। बिलों की मंजूरी की पूरी प्रक्रिया ऑनलाईन होने से कामकाज आसान होगा, साथ ही बिलों की स्वीकृति तेजी से मिलेगी। वहीं बिलों की स्वीकृति का काम भी पारदर्शी ढंग से होगा।

राज्य के सभी कोषालयों में वर्तमान में शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों के सैलरी बिल की स्वीकृति के लिए ऑनलाईन सॉफ्टवेयर ई-कोष का इस्तेमाल किया जा रहा है, साथ ही विभागों के माध्यम से बिलों की हार्डकॉपी भी आहरण संवितरण अधिकारियों के हस्ताक्षर के उपरांत कोषालयों में जमा किए जा रहे हैं। कोषालयों में बिलों की आहरण की अब पूरी प्रक्रिया ऑनलाईन होने के बाद विभागों को बिलों की हार्डकॉपी कोषालयों में जमा करने की जरूरत नहीं होगी और न ही बीटीआर प्रस्तुत करना होगा। वहीं पेपर लेस प्रक्रिया से पर्यावरण भी संरक्षित होगा।

संचालनालय के अधिकारियों ने बताया कि बिलों के आहरण की पूरी प्रक्रिया ऑनलाईन होने के बाद कोषालयों में बिलों की मंजूरी इसी प्रकार बिलों में आपत्ति लगाने जैसे काम भी ऑनलाईन होंगे। बिलों पर लगाई गई आपत्तियों का निराकरण भी ऑनलाईन होगा। इससे विभागों के कर्मचारियों को बार-बार कोषालय जाने की जरूरत भी नहीं रहेगी। विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बिलों की स्वीकृति और आपत्तियों का निराकरण अपने कार्यालय से ही कर सकेंगे।

सैलरी के अलावा अन्य बिलों को भी ऑनलाईन स्वीकृति के लिए संचालनालय कोष लेखा द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। ई-कोष के लिए महालेखागार कार्यालय में अलग से सर्वर भी स्थापित किया गया है। बिलों की ऑनलाईन मंजूरी प्रक्रिया के लिए वित्त विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को सॉफ्टवेयर संचालन से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण दिया गया है।

# बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए आज दो उम्मीदवारों ने जमा किए अपने नामांकन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण के निर्वाचन हेतु बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए आज दो उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार के रूप में आयतु राम मंडावी और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के उम्मीदवार के रूप में फुल सिंह कचलाम ने आज अपना नामनिर्देशन पत्र जमा किया। प्रदेश में प्रथम चरण के मतदान अंतर्गत बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है। शासकीय अवकाश दिवसों को छोड़कर कार्यालयीन दिवसों में प्रातः 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नामांकन दाखिल किया जा सकता है। प्राप्त नामांकन पत्रों की संवीक्षा 28 मार्च को की जाएगी। उम्मीदवार 30 मार्च तक अपना नामाकंन वापस ले सकेंगे।

# देश का सबसे बड़ा निर्माणाधीन पुल ध्वस्त, एक की मौत; 40 लोगों के दबे होने की आशंका



**सुपौल (आरएनएस)।** बिहार के सुपौल जिले में आज सुबह बड़ा पुल हादसा हो गया। इस हादसे में एक की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हो गए हैं। इस दुर्घटना के बाद मौके पर राहत-बचाव कार्य की टीम और पुलिस की टीम पहुंच गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। सुपौल में बन रहे बकौर निर्माणाधीन पुल का बड़ा हिस्सा गिर जाने की वजह से यहां अफरा-तफरी मच गई। आपको बता दें कि यह देश का सबसे बड़ा निर्माणाधीन पुल है।

जानकारी के अनुसार, पुल का पिलर संख्या 50,51,52 का गार्टर गिर गया गया है, जिस वजह से कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी लोगों को निकाल लिया गया है।1200 करोड़ की लागत से इस पुल का निर्माण किया जा रहा था।

जानकारी के अनुसार, 40 लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। किसी के हताहत होने की सूचना अभी तक नहीं है। पुल के इस तरह गिरने के बाद लोग अब इसकी गुणवत्ता पर भी सवाल उठा रहे हैं। जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गए हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। इस घटना के बाद कंपनी के लोग मौके से गायब हो गए हैं। इस पुल के निर्माण का कांट्रैक्ट ट्रांस रेल कंपनी के पास है। इसको भारत माला प्रोजेक्ट के तहत तैयार किया जा रहा था। इस ब्रिज की लंबाई 10 l5 किलोमीटर है।

# संयुक्त सचिव श्रीमती अनुराधा पटनायक केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने हमर लैब और स्वास्थ्य केंद्र का किया भ्रमण

**स्वास्थ्य केन्द्रों एवं हमर लैब में मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की ली जानकारी**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में संयुक्त सचिव (पालिसी) श्रीमती अनुराधा पटनायक ने आज रायपुर के जिला चिकित्सालय में संचालित हमर लैब और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मठपुरैना का भ्रमण किया। उन्होंने अस्पताल और हमर लैब में मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने लैब सहित वहां के कार्यप्रणाली के बारे में प्रभारी अधिकारियों से पूछा। इस दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक डॉ जगदीश सोनकर मौजूद रहे।

**विश्व क्षय दिवस के उपलक्ष्य पर क्षय रोग के प्रति प्रत्येक नागरिक को जागरूक करने की दिलाई शपथ**

श्रीमती पटनायक ने हमर लैब के भ्रमण के दौरान पंजीयन, सैंपल कलेक्शन काउंटर, आयुष्मान कक्ष, कियोस्क एवं सहायता केंद्र, बैक्टिरियोलॉजी लैब, हिमैटोलॉजी लैब, कल्चर कक्ष और कोल्ड कक्ष का अवलोकन किया। संयुक्त सचिव को हमर लैब के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. अभ्युदय शक्ति तिवारी ने बताया कि लैब में 120 तरह के जांच की सुविधा है। गौरतलब है कि वर्ष-2023 में 90 लाख 57 हजार 888 मरीजों के टेस्ट किए गए हैं । वहीं वर्ष-2022 में 51 लाख 85 हजार 309 मरीजों के टेस्ट किए गए थे। संयुक्त सचिव श्रीमती पटनायक ने हमर लैब बेहतर सुविधा और सेवाओं के लिए की डॉ. माधुरी वानखेड़े एवं पूरी टीम की सराहना की।

संयुक्त सचिव ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मठपुरैना के निरीक्षण के दौरान मरीजों के लिए प्रचलित टोकन सिस्टम के बारे में पूछा। उन्होंने खुद टोकन डिस्पेंसर से टोकन निकालकर देखा और रोजाना ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या की जानकारी ली। टीकाकरण कक्ष, ड्रेसिंग रूम, महिला वॉर्ड, लेबर रूम और फॉर्मेसी का अवलोकन किया । हमर लैब एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मठपुरैना के निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त संचालक डॉ. एस.के. पामभोई, रायपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी, सिविल सर्जन एस.के. भंडारी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रभारी राज्य कार्यक्रम प्रबंधक श्री आनंद साहू भी मौजूद थे।

श्रीमति अनुराधा पटनायक ने नवीन स्वास्थ्य भवन में स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख योजनाओं पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर महत्वपूर्ण गतिविधियों पर चर्चा की। उन्होंने 24 मार्च विश्व क्षय दिवस के उपलक्ष्य पर समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को टीबी रोग के प्रति प्रत्येक नागरिक को जागरूक करने हेतु शपथ दिलाया व हस्ताक्षर अभियान की शुरूवात की।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले रायपुर जिला प्रशासन के 'स्वीप रसरंग' कार्यक्रम में हुई शामिल

- नागरिकों को शपथ दिलाते हुए मतदान करने का किया आग्रह
- वोट देबर जाबो जी, चुनई तिहार मनाबो जी- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी
- कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा- निर्वाचन लोकतंत्र की रीढ़, स्वीप से बढ़ेगा मतदाताओं के प्रति जागरूकता




**रायपुर (विश्व परिवार)।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आज ज़िला प्रशासन द्वारा रायपुर-कला केंद्र में मतदाता जागरूकता हेतु 'स्वीप रसरंग' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले शामिल हुई।

इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि खूबसूरत कला केंद्र परिसर में मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप कार्यक्रम से हर्षित महसूस हो रहा है। युवा शक्ति लोकतंत्र की बहुत बड़ी शक्ति है और लोकतंत्र के सम्मान में मतदान आवश्यक है। उन्होंने मोहल्ले, सोसायटी में शत-प्रतिशत मतदान के लिए अपील करने का आग्रह किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने 'वोट देबर जाबो, चुनई तिहार मनाबो' कहते हुए मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदान करना देश सेवा की बड़ी जिम्मेदारी है,सभी को नागरिकों को बूथ में पहुंचकर मतदान करना चाहिए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ.गौरव सिंह ने कहा कि निर्वाचन लोकतंत्र की रीढ़ है और शहरी क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने का आग्रह किया। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि स्वीप के तहत क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन भी किया जा रहा है। साथ ही सेल्फी पाइंट में फोटो खींचकर सोशल मीडिया में अपलोड करने वाले और अधिक से अधिक लाइक पाने वाले मतदाताओं को पुरस्कार भी दिया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन ज़िला प्रशासन, नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी सहित अन्य विभागों ने मिलकर किया।

इस अवसर पर एसएसपी श्री संतोष सिंह ने आभार जताते हुए कहा कि निर्वाचन कार्य शांतिपूर्ण तरीके से किया जाएगा। स्वीप कार्यक्रम में सभी आयु वर्ग ने आकर्षक प्रस्तुति दी, जिन्हे सम्मानित भी किया गया। शानदार कार्यक्रम रहा। इसके लिए धन्यवाद भी ज्ञापित किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप सहित अन्य अधिकारीगण, शहर के एन जी ओ भी उपस्थित थे। लोक कला केंद्र में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं के लिए सेल्फी जोन बनाया गया। जिसमें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने भी फोटो खिचवाई और मतदाताओं के नाम संदेश देते हुए मतदान अवश्य करें की अपील की।

**आकर्षण का केन्द्र रहा स्वीप खिचडी :** मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम में स्वीप खिचड़ी का भी आयोजन किया गया, जो काफी आकर्षण का केंद्र रहा। मुख्य अतिथि, वरिष्ठ अधिकारियों सहित गणमान्य नागरिकों ने स्वीप खिचड़ी को चखा और इस आयोजन की सरहाना की गई।

दैनिक
विश्व परिवार


# भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ जिला संघ की बैठक सम्पन्न



**दुर्ग (विश्व परिवार)।** भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ जिला संघ की कार्यकारिणी बैठक जिला शिक्षा विभाग सभागार में जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा की उपस्थिति व जिला संघ के अशोक देशमुख की अध्यक्षता में विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष भारत स्काउट छत्तीसगढ़ राज्य श्रीमती सुनीता बोहरा की उपस्थिति में संपन्न हुई सर्वप्रथम बैठक में जिला परिषद बैठक में जिला संघ अशोक देशमुख के द्वारा पदाधिकारी का परिचय कराया गया इस अवसर पर जिला संघ कार्यकारिणी द्वारा पूर्व में परिषद द्वारा स्वीकृत वार्षिक कार्यक्रम को पेश किया गया जिसे जिला कार्यकारिणी ने अनुमोदन के पश्चात स्वीकृति दी तथा आगामी बजट का प्रस्ताव लाया गया जिसे उपस्थित सदस्यों ने स्वीकृति प्रदान की तथा इस अवसर पर आगामी 2024 25 के वार्षिक कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी गई।

जिसे कुछ संशोधन के पश्चात अग्रिम स्वीकृति प्रदान की गई जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने इस उद्बोधन में बताया की स्काउट गाइड कार्य की जितनी प्रशंसा करें काम है क्योंकि सेवा को सर्व परिमाण कर सेवा के रूप में जो निस्वार्थ सेवा स्काउट गाइड करता है और एक अच्छा और आदर्श नागरिक बनाता हैं।

वह भारत के लिए बहुत ही उज्जवल है अध्यक्ष अशोक देशमुख ने पूर्व कार्यक्रम के बारे में और विशेष उल्लेखनीय पुरस्कार संघ के बारे में कार्य को जानकारी दी आज इस अवसर पर जिला संघ ने नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता संजय बोहरा का विशेष रूप से सम्मान स्कार्फ और गुलदस्ता प्रदान कर किया इस अवसर पर श्रीमती सुनीता बोहरा ने जिला संघ को धन्यवाद के साथ विश्वास दिलाया कि भविष्य में प्रदेश मुख्यालय के द्वारा जो भी कार्य जिला संघ के लिए उपयुक्त अनुकूल होंगे उसमें हमारा जिला दुर्ग अग्रणी रहेगा और विशेष रूप से मैं जिला संघ के लिए प्रदेश से जो भी सहयोग बनेगा आप सभी को सहयोग मिलेगा। **-संजय बोहरा**

# स्वीप अंतर्गत हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, शाला के बच्चों ने ली शत-प्रतिशत मतदान करवाने की शपथ





**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** पं. चक्रपाणि शुक्ल आत्मानंद हिंदी माध्यम शाला में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड स्तरीय शालाओं के बच्चों के मध्य रंगोली, पोस्टर व ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस आयोजन का उद्देश्य लोक सभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता पैदा करना था। इसी थीम पर 20 शालाओं के 250 से अधिक बच्चों ने भाग लिया।

कलेक्टर के एल चौहान व जिला पंचायत सी ई ओ दिव्या अग्रवाल ने विभिन्न कक्षों में बैठे विद्यार्थियों के पास जाकर उनके द्वारा बनाये गए पोस्टर व ड्राइंग का अवलोकन किया व प्रशंसा की। इस दौरान दोनों जिलाधिकारियों ने प्रत्येक कक्ष के विद्यार्थियों को शत प्रतिशत मतदान करवाने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन अपने परिवार के लोगों, अपने पास पड़ोस के लोगों, परिचितों को जो मतदान के अधिकारी हैं उन्हें मतदान हेतु प्रेरित करें व शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूर्ण करने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि मतदान हमारा अधिकार ही नही कर्तव्य भी है। ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी क्षेत्रों की अपेक्षा अधिक मतदान होता है उन्होंने बताया।

प्रतियोगिता में मिडिल विभाग से पोस्टर प्रतियोगिता में गुरुकुल की गुनगुन शर्मा प्रथम, सेक्रेड हार्ट की सांभवि मिश्रा द्वितीय, नवीन शाला सिविल लाइन्स का भावेश वर्मा तृतीय रहा। पोस्टर प्रतियोगिता में ही हाई स्कूल वर्ग से अंबुजा विद्यापीठ की नेहील वर्मा प्रथम, सेक्रेड हार्ट की सुमन खटकर द्वितीय, गुरुकुल की जुबी खातून तृतीय आई। इसी तरह ड्राइंग प्रतियोगिता में मिडिल वर्ग से कन्या शाला की निहारिका साहू प्रथम, चक्रपाणि स्कूल से भाग्यश्री कनौजे द्वितीय व शाश्वत स्कूल से खुशबू घृतलहरे तृतीय रही। ड्राइंग में हाइस्कूल से सेक्रेड हार्ट स्कूल की कृष्णा बंजारे प्रथम, चक्रपाणि स्कूल से आयुष द्वितीय व सरस्वती शिशु मंदिर से विद्या यादव तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय, जनपद पंचायत सी ई ओ एम एल मंडावी, बी ई ओ राजेन्द्र टंडन व साक्षरता अधिकारी सोमेश्वर राव तथा विभिन्न शालाओं से आये शिक्षक गण उपस्थित थे।

# शांति एवं भाईचारे के साथ मनाया जाएगा होली त्यौहार

## तीन सवारी व नशे की हालत में बाईक चलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई



**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** आगामी 25 मार्च को होली का त्यौहार नगर में शांति एवं भाईचारे के साथ मनाई जाएगी। तीन सवारी व नशे की हालत में बाईक चलाने वालों तथा शांति पर विध्न पहुंचाने वाले तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी और ऐसे तत्वों पर पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। कानून व्यवस्था बनाये रखने के सम्बन्ध में कलेक्टर श्री के. एल. चौहान के निर्देशानुसार शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला प्रशासन व राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक संगठन के प्रतिनिधि व प्रबुद्ध नागरिकों की बैठक किया गया।

बैठक में बताया गया कि बलौदाबाजार के दशहरा मैदान में सार्वजनिक रूप से होलिका दहन का कार्यक्रम होता है। इसके साथ ही कालोनियों में भी होलिका दहन होता है। अपर कलेक्टर श्री व्ही.सी. एक्का ने होली का त्यौहार खुशी व उत्साह के साथ मानने की बात कहते हुए वर्तमान में चुनाव आचार संहिता प्रभावी होने के कारण कोई भी कार्यक्रम आयोजन के पूर्व सक्षम अधिकारी से अनुमति लेने की बात कही। इसी प्रकार रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक डीजे एवं अन्य साउंड सिस्टम चलाने पर प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने कानून व्यवस्था बनाये रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करने की अपेक्षा की। होली के एक दिन पूर्व एम्बुलेंस मय मेडिकल टीम की 24 घण्टे तैनाती के लिये स्वास्थ्य विभाग, पानी की पर्याप्त उपलब्धता के लिए नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। प्रशासन की ओर से अपील किया गया कि जबरदस्ती किसी को रंग न लगाया जाए। समाज प्रमुखों के द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने, रामसागर तालाब के आसपास में पुलिस की निगरानी बढ़ाने तथा शहर से लगे गांव में भी पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने, ऑनलाइन सट्टा, अवैध शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने कहा गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अविनाश सिंह ठाकुर ने बताया कि होली में शहर को चार जोन में बांटकर पुलिस की टीम द्वारा पेट्रोलिंग की जाएगी। इसमें भाटापारा रोड, रिसदा रोड, लवन रोड एवं करही बाजार रोड शामिल है। पेट्रोलिंग 24 मार्च से शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि जो भी शांति भंग या कानून तोडने की कोशिश करेगा उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने यह भी बताया कि होली से पहले ही रामसागर तालाब क्षेत्र में पेट्रोलिंग की एक टीम स्थायी रूप से होली तक तैनात रहेगी।

बैठक में एसडीएम श्री अमित गुप्ता, श्री खिलेंद्र सेन, मनहरण लाल साहू, श्री के. के. वर्मा, श्री विनय गुप्ता, श्री अक्षय तिवारी सहित विभिन्न राजनीतिक दल के प्रतिनिधि, सामाजिक- धार्मिक संगठन एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छ.ग. के नवीन राज्य परिषद की घोषणा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य अध्यक्ष एवं स्कूल शिक्षामंत्री माननीय श्री बृजमोहन अग्रवाल जी ने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय के रूल्स बुक क्र. 58 एवं छत्तीसगढ़ भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के उपनियम की धारा 17 (II, III) के अनुसार निम्नलिखित पदाधिकारियों की राज्य परिषद हेतु आगामी नवीन कार्यकाल हेतु नामों की घोषणा की गई है- कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेश अग्रवाल रायपुर, उपाध्यक्ष (3 महिला) पद पर लक्ष्मी वर्मा, श्रीमती सुनीता संजय बोहरा दुर्ग, श्रीमती ओजस्वी भीमा मंडावी दंतेवाड़ा, उपाध्यक्ष (3 पुरूष) श्री विजय केसरवानी बलौदाबाजार, श्री कार्तिकेश्वर स्वर्णकार जांजगीरचांपा, श्री राजेन्द्र गोलछा राजनांदगांव, राज्य मुख्य आयुक्त पद पर डॉ. सोमनाथ यादव बिलासपुर, राज्य कोषाध्यक्ष श्री मुरली शर्मा रायपुर को नियुक्त किया गया है। राज्य परिषद छत्तीसगढ़ के नवीन कार्यकाल के लिए राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव जी ने सभी पदाधिकारियों को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ परिवार की ओर से हार्दिक बधाई दी।

# भाजपा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज का जगह-जगह स्वागत, टिकट मिलने पर जनता में उत्साह



**बलरामपुर (विश्व परिवार)।** भाजपा से लोकसभा के प्रत्याशी बनने के बाद चिंतामणि महाराज का प्रथम कुसमी नगर आगमन गुरुवार को हुआ। इस दौरान उनका जगह-जगह आत्मीयता से स्वागत किया गया। गहिरा गुरू की तपोभूमि श्रीकोट में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज शामिल हुए। जहां उनका भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत करते हुए माला पहनाया। इस दौरान सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैंकरा ने जनता को संबोधित करते हुए कहा लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है, विधानसभा चुनाव में सरगुजा में भाजपा ने 14 सीटों पर जीत दर्ज की है। पीएम मोदी जी के दूसरा कार्यकाल पूरा हो गया। आज साय सरकार के 100 दिन पूरे हो गए हैं। छत्तीसगढ़ निर्माता स्व. पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिन 25 दिसम्बर को किसानों को दो साल का बोनस राशि इसके अलावा मातृत्व वंदन योजना में महिलाओं के खाते 10 मार्च को एक हजार रूपये खाते में भुगतान किया गया। भाजपा पार्टी जो कहती है वो करती है बरियो, कुसमी, सामरी जनताओं की समस्याओं का समाधान हम लोग करेंगे, विधानसभा चुनाव में आप लोगों ने 14 हजार वोट से जिताया था।

# सप्त व्यसनी व्यक्ति कमेटी का सदस्य नहीं बन सकता

## आर के पुरम जैन समाज का साहसिक निर्णय

**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** (मनोज जैन नायक)। जैन सिद्धांत के अनुसार प्रत्येक जैन श्रावक को सप्त व्यसनों का त्याग करना चाहिए। यदि कोई जैन व्यक्ति सप्त व्यसनी है तो वह किसी प्रकार से जैन सिद्धांतों का पालन करता हुआ प्रतीत नहीं होता है।

नई दिल्ली के आर के पुरम सेक्टर 4 की जैन समाज ने एक साहसिक निर्णय लिया है कि सप्त व्यसनी व्यक्ति को मंदिर कमेटी की प्रबंधकारिणी में कोई स्थान नहीं दिया जाएगा। यह एक साहसिक, प्रशंसनीय एवम ऐतिहासिक निर्णय हैं। अन्य स्थानों की जैन समाज को भी इनसे सीख लेते हुए अपने यहां भी इस तरह के निर्णय लेने चाहिए।

मुनीरिका दिल्ली से रमेशचंद जैन (खबरोली वाले) ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिवस जैन सभा आर के पुरम नई दिल्ली की कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज को विन्यांजली दी गई। साथ ही सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि स्थानीय समाज का कोई भी व्यक्ति जो सप्त व्यसनों में लिप्त है, उस व्यक्ति को जैन सभा (मंदिर कमेटी) की प्रवंधकारिणी में सम्मिलित होने की पात्रता नहीं होगी। यानीकि सप्त व्यसनी कोई भी व्यक्ति जैन सभा आर के पुरम का सदस्य नहीं बन सकता।

सभी लोगों ने आर के पुरम समाज के इस साहसिक निर्णय की खूब प्रशंसा की है और इस तरह का निर्णय लेने के लिए समाज को बधाई दी।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
### ई-निविदा सूचना

**1. निविदा सूचना सं.:** ई-आर-टी-02-24-25 दिनांक: 09.03.2024
**कार्य का नाम:** दुर्ग-दल्ली राजहरा खंड में मानवयुक्त समपार संख्या डीडी-40, कि.मी. 911/6-7, को बंद करने के लिए सड़क के नीचे पुल (RUB) का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 4,90,15,463/-, **ईएमडी:** ₹ 3,95,100/-

**2. निविदा सूचना सं.:** ई-आर-टी-03-24-25 दिनांक: 09.03.2024
**कार्य का नाम:** दुर्ग-दल्ली राजहरा खंड में मानवयुक्त समपार संख्या डीडी-05, कि.मी. 871/2-3 को बंद करने के लिए सड़क के नीचे पुल (RUB) का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 4,20,13,606/-, **ईएमडी:** ₹ 3,60,100/-

**3. निविदा सूचना सं.:** ई-आर-टी-04-24-25 दिनांक: 09.03.2024
**कार्य का नाम:** दुर्ग-दल्ली राजहरा खंड में मानवयुक्त समपार संख्या डीडी-24, कि.मी. 893/8-9 को बंद करने के लिए सड़क के नीचे पुल (RUB) का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 4,52,24,451/-, **ईएमडी:** ₹ 3,76,100/-

**4. निविदा सूचना सं.:** ई-आर-टी-05-24-25 दिनांक: 09.03.2024
**कार्य का नाम:** दुर्ग-दल्ली राजहरा खंड में मानवयुक्त समपार संख्या डीडी-39, कि.मी. 910/3-4 को बंद करने के लिए सड़क के नीचे पुल (RUB) का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 5,65,74,491/-, **ईएमडी:** ₹ 4,32,900/-

**5. निविदा सूचना सं.:** ई-आर-टी-09-24-25 दिनांक: 09.03.2024
**कार्य का नाम:** भिलाई मार्शलिंग यार्ड में आपदा प्रबंधन (डीएम) ग्रिड का विस्तार। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,45,06,082/-, **ईएमडी:** ₹ 2,72,600/-

**निविदा प्रस्तुत करना:** दिनांक **02.05.2024** के **11:00** बजे तक, **निविदा खोलना:** दिनांक **02.05.2024** के **11:00** बजे।
विस्तृत विवरण/निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता मानदंड एवं उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण हेतु कृपया वरिष्ठ मंडल इंजिनियर (समन्वय), एस.ई.सी रेलवे, रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें अथवा हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन/डाउनलोड करें।
**मंडल अभियंता -II**
**द.पू.म. रेलवे, रायपुर**
PR/R/ENGG/FL/272
South East Central Railway @secrail

# 'मिसेज़ चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' का 24 मार्च को जी सिनेमा पर वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर

उस माँ के प्यार और दर्द से बढ़कर कुछ भी नहीं, जिसके बच्चों को उससे छीन लिया गया हो। ज़ी सिनेमा इस वीकेंड ऐसी ही एक माँ के जज़्बातों और संघर्ष भरे सफर को पर्दे पर लेकर आ रहा है। आप भी प्यार, हौंसले और इंसाफ की गुहार के एक अनोखे सफर पर चलने के तैयार हो जाइए, जहां ज़ी सिनेमा रविवार, 24 मार्च को दोपहर 12 बजे मिसेज़ चटर्जी वर्सेस नॉर्वे का वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर लेकर आ रहा है। बॉलीवुड आइकन रानी मुखर्जी की लीड भूमिका वाली फिल्म 'मिसेज़ चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' का निर्देशन आशिमा छिब्बर ने किया है। फिल्म में जिम सर्भ, नीना गुप्ता और अनिर्बान भट्टाचार्य भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म एक माँ की सच्ची ज़िंदगी की कहानी और अपने बच्चों को वापस पाने के उसके अटूट इरादों से प्रेरित है, जिन्हें नॉर्वेजियन अधिकारी जबर्दस्ती अपने साथ ले जाते हैं।




जब आप रानी मुखर्जी के बारे में सोचते हैं, तो आपके मन में एक दमदार, असरदार और वास्तविक अदाकारा का ख्याल आता है। और इस फिल्म के साथ उन्होंने इन सटीक भावनाओं को ? बखूबी पेश किया है। देबिका चटर्जी का उनका चित्रण मनमोहक है, जो एक जैसी सहानुभूति और तारीफ जगाती हैं। और यह दमदार कहानी और शानदार परफॉर्मेंस ही है जिसके चलते इस फिल्म को जमकर तारीफें मिलीं, साथ ही प्रतिष्ठित ज़ी सिने अवॉर्ड्स और फिल्मफेयर से सम्मानित भी किया गया। रानी मुखर्जी ने मिसेज़ चटर्जी वर्सेस नॉर्वे में अपने रोल के लिए ज़ी सिने अवॉर्ड्स में बेस्ट एक्टर और फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में बेस्ट एक्ट्रेस का क्रिटिक्स अवॉर्ड भी जीता।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
### ई-नीलामी सूचना

**बहुउद्देशीय ईकाई निविदा क्र. ई-ऑक्शनः सीओएम/एमपीएस/ई-आक्शन/बीएसपी, केआरबीए, केएचएस, पीएनडी व एबीकेपी/2024**
बिलासपुर मंडल के बिलासपुर, कोरबा,खरसिया, पेंड्रारोड और अम्बिकापुर रेलवे स्टेशनों के बहुउद्देशीय इकाईयों के लिए ई-नीलामी (निविदा) आमंत्रित की गई है। केटेलॉग पहले ही IREPS वेबसाइट (https://ireps.gov.in) पर प्रकाशित की जा चुकी है। विवरण निम्नानुसार है:

| केटेलॉग क्रमांक | श्रेणी | नीलामी आरंभ दिनांक/समय | लॉट क्रमांक | लॉट विवरण | अनुबंध अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| बीएसपी-एमपीएस-3 | बहुउद्देशीय विशेष इकाई (एसएमयू) | 30.03.2024 15:00:00 | एमपीएस-बीएसपी-केआरबीए-एमपीएस -9-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय विशेष इकाई) | कोरबा रेलवे स्टेशन (बिलासपुर मंडल) पर बहुउददेशीय स्टाल के लिए लॉट MPS/08/KRBA/PF-1 | 1826 दिन |
| | बहुउद्देशीय सामान्य इकाई (जीएमयू) | 01.04.2024 15:00:00 | एमपीएस-बीएसपी-बीएसपी-एमपीएस -03-23-2 (एमपीएस-बहुउद्देशीय सामान्य इकाई) | बिलासपुर रेलवे स्टेशन (बिलासपुर मंडल) पर बहुउददेशीय स्टाल के लिए लॉट MPS/02/BSP/PF-2/3 | 1826 दिन |
| | बहुउद्देशीय सामान्य इकाई (जीएमयू) | 02.04.2024 15:00:00 | एमपीएस-बीएसपी-केएचएस-एमपीएस -15-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय सामान्य इकाई) | खरसिया रेलवे स्टेशन (बिलासपुर मंडल) पर बहुउददेशीय स्टाल के लिए लॉट MPS/02/KHS/PF-1 | 1826 दिन |
| | बहुउद्देशीय विशेष इकाई (एसएमयू) | 03.04.2024 15:00:00 | एमपीएस-बीएसपी-एबीकेपी-एमपीएस -13-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय विशेष इकाई) | अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन (बिलासपुर मंडल) पर बहुउददेशीय स्टाल के लिए लॉट MPS/12/ABKP/PF-1 | 1826 दिन |
| | बहुउद्देशीय सामान्य इकाई (जीएमयू) | 04.04.2024 15:00:00 | एमपीएस-बीएसपी-पीएनडी-एमपीएस -10-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय सामान्य इकाई) | पेंड्रारोड रेलवे स्टेशन (बिलासपुर मंडल) पर बहुउददेशीय स्टाल के लिए लॉट MPS/09/PND/PF-1 | 1826 दिन |

सीपीआर/10/489
मंडल वाणिज्य प्रबंधक/बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

# संकल्प जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु आवेदन 15 अप्रैल तक आमंत्रित

**जशपुरनगर (विश्व परिवार)।** जिला कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में जिला




प्रशासन द्वारा जिला खनिज न्यास निधि मद से संचालित संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव में कक्षा 9 वीं में हिन्दी माध्यम की कुल 120 सीटों में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल 2024 निर्धारित की गई है। चयन परीक्षा 21 अप्रैल को जिला मुख्यालय में पाँच केंद्रों में आयोजित होगी।

इस बारे में जानकारी देते हुए संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि नवीन शैक्षणिक सत्र में संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में कक्षा 9 वीं में 20 छात्र एवं 20 छात्राओं जिसमें 02 बालक एवं 03 बालिका पहाडी कोरवा / बिरहोर जनजाति के होगें। संकल्प शिक्षण संस्थान कुनकुरी में कक्षा 9 वीं में 20 छात्र एवं 20 छात्राओं, संकल्प शिक्षण संस्थान पत्थलगांव में कक्षा 9 वीं में 20 छात्र एवं 20 छात्राओं को प्रवेश दिया जायेगा। संकल्प शिक्षण संस्थान में कक्षा 9 वीं में प्रवेश लेने वाले सभी विद्यार्थियों को आईआईटी/नीट परीक्षा की तैयारी करायी जाती है। प्रवेशित सभी छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क आवास, भोजन, गणवेश एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री प्रदाय की जाती है। संकल्प में में प्रवेश हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15अप्रैल निर्धारित की गई है। प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी आवेदन अपने विकासखंड के विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एवं संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव में जमा कर सकते है। आवेदन पत्र की पावती आवेदक को दी जाएगी जिसका परीक्षा हेतु रोल नम्बर एवं परीक्षा केंद्र का नाम उल्लेखित होगा। आवेदक को कक्षा 8 वीं में न्युनतम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा।

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2991574**
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सामान्य आवास योजनांतर्गत **बोरियाकला** रायपुर में निर्मित **भवन क्रमांक सेडार-II/26, श्री खीमन कुमार मोटवानी पिता श्री मंघनमल मोटवानी, निवासी-मकान नम्बर पीपल- I/111, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बोरियाकला, रायपुर (छ.ग.),** के नाम पर आवासीय भू-खण्ड/भवन 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त भू-खण्ड/भवन को **फ्री-होल्ड** के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिनका **फ्री-होल्ड** संपरिवर्तन किया जाना है।

अत: किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था, को भू-खण्ड/भवन का **फ्री-होल्ड** किये जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-03, मौल श्री विहार**
**रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

**आम-सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **वीर सावरकर नगर हीरापुर कॉलोनी,** रायपुर में निर्मित LIG-II योजना में से भवन/भूखण्ड क्र. **LIG-II/1171 श्री शिवेन्द्र कुमार सिंह पिता श्री राजाराम सिंह** को आबंटित/नामांतरित किया गया है। मूल आबंटी/नामांतरी द्वारा दिनांक **21.02.2006** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया है।

मूल आबंटी/नामांतरी की मृत्यु दिनांक **27.10.2018** को हो जाने के कारण **श्रीमति सीमा सिंह पति स्व. श्री शिवेन्द्र कुमार सिंह** द्वारा उक्त भवन/भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, वारिसों **श्री अनुज कुमार सिंह एवं श्री आदित्य कुमार सिंह पिता स्व. श्री शिवेन्द्र कुमार सिंह** की सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/भूखण्ड **श्रीमति सीमा सिंह पति स्व. शिवेन्द्र कुमार सिंह** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर स्वत: उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
**संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone1@gmail.com**

**पत्र क्र./10327/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024**
**रायपुर, दिनांक 22-03-2024**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 10327**
**वार्ड का नाम-3 - संत कबीर दास वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 3 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR803I0273F** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SEETA RAM DAS VAISHNAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JAGDISH DAS VAISHNAV** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **TIJURAM NISHAD** पिता/पति, श्री/श्रीमती **CHHAGAN LAL NISHAD** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (1)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
**संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone1@gmail.com**

**पत्र क्र./10329/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024**
**रायपुर, दिनांक 22-03-2024**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 10329**
**वार्ड का नाम-3 - संत कबीर दास वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 3 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR803G00102** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MAHAVEER JANGHEL, KARTIK** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SURUCHI JANGHEL, PRAKASH JANGHEL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **PRAKASH JANGHEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MAHAVEER JANGHEL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (1)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
**शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर**
**Email ID - rmczone2@gmail.com**

**पत्र क्रं./10270/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024**
**रायपुर दिनांक : 22-03-2024**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 10270**
**वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR220J00098** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MRS MAHARIN BAI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. PURSHOTTAM** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. श्री जागेश्वर साहू पिता- स्व. श्री पुरुषोत्तम साहू** पिता/पति, श्री/श्रीमती **2. मालती साहू पिता- स्वर्गीय पुरुषोत्तम साहू** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
**शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर**
**Email ID - rmczone2@gmail.com**

**पत्र क्रं./10019/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024**
**रायपुर दिनांक : 20-03-2024**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 10019**
**वार्ड का नाम- 28- शहीद हेमू कालाणी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 28 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR223M00052** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MR. MANJU BEN PATEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ISHWAR LAL PATEL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **नवीन कुमार पटेल** पिता/पति, श्री/श्रीमती **लालजी भाई पटेल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

# जनता को मोदी की गारंटी पर भरोसा : सरोज पांडेय

## उरगा मंडल में आयोजित नुक्कड़ सभाओं को भाजपा लोकसभा प्रत्याशी ने किया संबोधित



**कोरबा(विश्व परिवार)।** बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व लोकसभा प्रत्याशी डॉ सरोज पांडेय रामपुर विधानसभा के उरगा मण्डल क्षेत्र के दौरे पर रही। इस दौरान उन्होंने ग्राम उरगा, कटबितला, पताड़ी, तिलकेजा, भैसमा, कुरुडीह, गोढ़ी एवं बुंदेली में नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित किया तो वहीं कुदुरमाल में कबीर पंथ के गुरुओं के समाधि स्थल को नमन किया। उन्होंने तिलकेजा के बाजार परिसर में जनसम्पर्क भी किया। इस दौरान साथ में पूर्व गृह मंत्री ननकीराम कंवर भी शामिल हुए। डॉ सरोज पांडेय ने संबोधन की शुरुआत माता मड़वारानी एवं बाबा गुरु घासीदास के जयकारे के साथ किया। उन्होंने कहा कि हम मोदी के गारंटी पर काम करते है, मोदी की गारंटी वादा पूरी होने की गारंटी है। विधानसभा चुनाव के पहले पीएम मोदी जी ने जो गारंटी दी थी उसे हमारी राज्य सरकार ने महज 03 माह में पूरा किया है। आज महिलाओं के खातों में 01 हजार रुपये माह के आ गए है और जो कुछ छूट गए है, उन्हें पुनः फार्म भरने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि यहाँ की कांग्रेसी सांसद चुनाव जीतने के बाद बीते 05 साल जनता से दूर रही, उन्होंने केवल दिल्ली दरबार मे हाजिरी लगाई। आज जब फिर से चुनाव हो रहे है तो फिर उन्हें जनता की याद आ रही है। इस बार जनता उनकी झूठी बातों में नही आने वाली। लोगों को अब मोदी की गारंटी पर भरोसा है इसलिये जनता मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए मतदान करने जा रही है। उन्होंने कहा कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र में विकास की अपार सम्भावनाएं है, हम आने वाले समय में बेहतर सड़क, अस्पताल, शिक्षा, पर्यटन स्थल के विकास के लिए काम करेंगे। पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर ने कहा कि राज्यसभा सांसद होने के बाद सरोज पांडेय ने करोड़ो के विकास कार्यों की सौगात कोरबा लोकसभा क्षेत्र को दी है। जबकि कांग्रेस की सांसद यहाँ से निर्वाचित होने के बावजूद एक ईंट नहीं रख पाई। कांग्रेस का काम केवल भ्रम फैलाने का होता है, उनसे दूर रहिए। इस दौरान टिकेश्वर राठिया, गोपाल मोदी, देवेन्द्र पांडेय, सुरेंद्र पांडेय, राजेंद्र पांडेय, नटवर शर्मा, आकाश सक्सेना, कुलसिंह कंवर, रेणुका राठिया, गुदाराम तिर्की, प्रतिमा सोनवानी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# होली में अवैध कटाई रोकने एक्टिव हुई वन विभाग



**कोरबा(विश्व परिवार)।** राजस्व जिले कोरबा में दो वनमंडलों के अंतर्गत होली के मद्देनजर सुरक्षात्मक प्रयास किये गए हैं। वन विभाग ने अपने मैदानी अमले के साथ-साथ वन सुरक्षा समितियों और ग्रामीणों की मदद लेना इस कड़ी में शुरू किया है। 25 से अधिक टीमों को वन संपदा को नुकसान से बचाने के लिए एक्टिव किया गया है। 12 वन परिक्षेत्र के अंतर्गत ये टीमें काम करेंगी। होलिका दहन पर मुख्य रूप से आसपास में प्राप्त होने वाली लकड़ी और गोबर से बने कंडों का उपयोग करने की परंपरा है। पुरातन परंपरा को जीवंत करने के लिए फाल्गुन अमावस्या को यह सब किया जाता रहा है। कहा गया कि शहरी इलाकों में लोग अपनी भागीदारी से संसाधन जुटाने के साथ होलिका दहन किया करते हैं लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ अलग तरह की चुनौतियां हैं। लगातार ऐसे मामले प्रकाश में आते रहे हैं जब होली जलाने के नाम पर लोग जंगलों में पहुंचकर हरे-भरे पेड़ों को नुकसान पहुंचाते हैं। यह सब करना अनुचित है और इस बारे में सचेत भी किया गया है। इतना सबकुछ करने के बावजूद अपेक्षित परिणाम नहीं मिले हैं। इससे विभाग ने सबक लिया है। पिछले वर्षों में किये गए प्रयासों को आगे बढ़ाने पर ध्यान दिया गया है। विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि दो वनमंडल के परिक्षेत्र में 25 से अधिक टीमें इस काम में लगाई गई है। उन्हें जिम्मेदारी दी गई है कि वे अवैध रूप से केवल होली के नाम पर होने वाले जंगल के नुकसान पर ध्यान दें और इसे रोकने के साथ उचित कदम उठाएं। विभाग के मैदानी अमले के साथ वन सुरक्षा समितियों को इसमें शामिल किया गया है। कुछ इलाकों में जागरूक लोग भी अपनी भूमिका निभाने को लेकर आगे आए हैं, जो पर्यावरण को लेकर गंभीरता दिखाते रहे हैं और अपने स्तर पर इस दिशा में प्रयत्नशील हैं। बताया गया कि दोनों वनमंडल में आने वाले परिक्षेत्रों में वन संपदा की सुरक्षा को लेकर कई प्रकार से प्रबंध किये गए हैं और इसे सुनिश्चित भी किया गया है।

# भक्तों की हर मनोकामना पूरी करते हैं खाटू वाले श्याम बाबा- डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा

**कोरबा(विश्व परिवार)।** प्रतिवर्ष सीकर जिले के खाटू धाम श्याम मंन्दिर में लाखों भक्त रींगस से 19 किलोमीटर नंगे पांव चलकर निशान चढ़ाते हैं। इसी कड़ी में विश्व कल्याण की मंगल भावना, सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया की प्रार्थना के साथ कोरबा श्याम मित्र मंडल के सदस्यों डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा, राजकुमार गोयल, रवि अग्रवाल (दर्री वाले), हर्ष नारायण शर्मा, अमन शर्मा, अनमोल शर्मा एवं श्रीमती प्रतिभा शर्मा ने 19 किलोमिटर नंगे पांव पैदल चलकर रींगस से खाटू श्याम जी के धाम पर निशान चढ़ाया। डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा ने बताया कि सभी सदस्य 20 मार्च 2024 मंगलवार को रात्रि 1 बजे निशान लेकर रींगस निशान भवन से से चले तो खाटू धाम दिनाँक 21 मार्च 2024 बुधवार को प्रातरू 7 बजे तक पहुंच गये थे। मगर लाखों की भीड़ होने के कारण पंक्तिबद्ध होकर हम सभी श्याम जी के दर्शन हेतु मध्यान्ह 3 बजे दर्शन लाईन में लगे, तो आठ घंटे की कठिन तपस्या के पश्चात रात्रि 11 बजे खाटू वाले श्याम बाबा के दर्शन हुये जो सचमुच अनंत आनन्द दायक एवं ऊर्जा से भर देने वाला क्षण था। डॉ.नागेन्द्र शर्मा ने बताया की खाटू वाले श्याम बाबा कलयुग के अवतारी, हारे के सहारे एवं शीश के दानी के नाम से प्रसिद्ध हैँ। जिनका प्रतिवर्ष फाल्गुन शुक्ल एकादशी पर मेला खाटू धाम राजस्थान मे लगता है। जिसमें लाखों भक्त रींगस से निशान लेकर श्याम बाबा के दर्शन कर निशान चढ़ाते हैं, और खाटू वाले श्याम बाबा सभी की मनोकामना पूरी करते हैँ।

# प्लेटफार्म-2 के लिए नया एफओबी बनाने रेलवे ने तोड़ी पुरानी चारदीवारी

**कोरबा(विश्व परिवार)।** देशभर में रेलवे नेटवर्क को बढ़ावा देने और यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिए काम किया जा रहा है। हाल में ही दक्षिण पर मध्य रेलवे के लिए 249 करोड रुपए की लागत वाली परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया है। इनमे कोरबा स्टेशन क्षेत्र में भी कई प्रकार के काम कराए जाने हैं। इसी सिलसिले में रेलवे ने स्टेशन के नजदीक बने पुरानी चारदीवारी को तोड़ दिया है। इस पर कई प्रकार के सवाल भी खड़े हो रहे हैं। कोरबा रेलवे स्टेशन क्षेत्र में यह कार्रवाई जिसने भी देखा वह भौचक रह गया कि आखिर यह सब क्यों हो रहा है। कॉफी लंबाई में बनी हुई चारदिवारी पर रेलवे ने खुद होकर बुलडोजर चलवा दिया। काफी देर तक बुलडोजर ऑपरेशन यहां जारी रहा और इस दौरान रेलवे की चारदिवारी जमीडोज हो गई। इस कार्रवाई को लेकर लोग अपनी अपनी तरफ से कयास लगाते रहे। एक अधिकारी से संपर्क होने पर इस बारे में पता चला कि जिस बाउंड्री वालों को रेलवे ने यहां से हटाया है वह 7 से 8 वर्ष पुरानी थी और उसे उस समय की उपयोगिता के लिए बनाया गया था। कारण बताया गया कि वर्तमान में रेलवे स्टेशन कोरबा में कई सुविधाएं बढ़ाई जा रही है । इसके लिए सरकार ने फंड आवंटित किया हुआ है। प्लेटफार्म नंबर 2 में एक नए फुट ओवर ब्रिज का निर्माण इसी कड़ी में प्रस्तावित है। जिस क्षेत्र में बाउंड्री वॉल हटाई गई है इस तरफ से इसे तैयार किया जाना है। सुविधाओं के विस्तार के लिए पुराने स्ट्रक्चर को हटाना जरूरी था। कुछ सूचनाओं में कहां जा रहा था कि हाल में ही बाउंड्री वाल का निर्माण कराया गया था और इस पर भारी भरकम धनराशि खर्च की गई थी।

# यातायात नियंत्रित करने लापरवाह वाहनों चालकों पर कार्रवाई अभियान जारी

**कोरबा(विश्व परिवार)।** आचार संहिता लागू होते ही एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने अपने तीखे तेवर दिखाते हुए लापरवाह वाहन चालकों पर लगातार कार्रवाई का अभियान जारी रखा है। उनके निर्देशानुसार यातायात पुलिस के अधिकारियों ने मातहतों के साथ कार्रवाई करते हुए 500 के लगभग वाहन चालकों पर अपने अभियान का शतक लगाते हुए लाखों रुपए जुर्माना राशि वसूल किया गया है। जानकारी के अनुसार एसपी श्री तिवारी के मार्गदर्शन एवं नवपदस्थ एएसपी यूकेएस चैहान के पर्यवक्षण तथा कोरबा सीएसपी भूषण एक्का के निर्देशन में यातायात पुलिस ने दुर्घटनाओं को अंजाम देने वाले लापरवाह वाहन चालकों की नकेल कसने का अभियान छेड़ दिया है। आचार संहिता लागू होते ही एसपी एवं उनके मातहत राजपत्रित अधिकारियों तथा यातायात पुलिस की तेज तर्रार टीम ने अपने अभियान का आगाज करते हुए अब तक 400 से ज्यादा नशे में तथा अन्य मामलों में बड़े दुर्घटनाओं को अंजाम देने में कारगर होने वाले लापरवाह चालकों के उपर कोरबा न्यायालय में प्रकरण तैयार कर विचारण के लिए भेजा गया है। इनमें लाखों रुपए का जुर्माना राशि न्यायालय द्वारा किया गया है। इसी कड़ी में यातायात थाने के एएसआई मनोज राठौर के मॉनिटरिंग में एएसआई क्रमशरू घनश्याम सिंह राजपूत, तरूण जायसवाल, ईश्वरी प्रसाद लहरे, प्रधान आरक्षक संतोष सिंह, पवन सिंह व स्टाफ के द्वारा 20 से ज्यादा ब्लैक फिल्म वाले वाहनों के चालकों पर धारा 100 के तहत कार्रवाई करते हुए उनसे प्रति वाहन 2000-2000 रुपए लगभग 40 हजार से ज्यादा रुपए जुर्माने की राशि वसूल कर उनके वाहन को जब्त करते हुए उनसे ब्लैक फिल्म हटाया गया। यह अभियान यातायात पुलिस द्वारा लगातार जारी रहेगा। इसकी जानकारी देते हुए यातायात थाने के एएसआई श्री राठौर ने बताया कि आचार संहिता लागू होने के साथ ही उसके परिपालन में किसी भी तरह की लापरवाही दुर्घटना को अंजाम देने वाले चालकों पर नहीं होने दी जएगी।

# पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने ली क्राइम मीटिंग

### होली त्यौहार शांतिपूर्वक मनाने थाना स्थर पर करें कार्रवाई



**कोरबा(विश्व परिवार)।** पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी ने सभी राजपत्रित अधिकारियों, थाना-चैकी प्रभारियों की बैठक लेते हुए आगामी होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए थाना स्तर पर कार्रवाई करने कहा। साथ ही उन्होंने शांति समिति की बैठक कर सौहाद्रपूर्वक होली मनाने कहा। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर भी चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिया गया। आगामी लोक सभा चुनाव, होली त्यौहार और रमजान महीना को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक तिवारी ने पुलिस कार्यालय के कांफ्रेंस रूम में बैठक लेकर कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने थानों में पेंडिंग अपराध, शिकायत, मर्ग और चालान और विवेचना का स्तर उन्नयन करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने किसी भी प्रकार के अवैध कारोबार जैसे नशा, जुआ, सट्टा, कबाड़ और डीजे एवं ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण कर कड़ाई से कार्रवाई करने कहा। उन्होंने आगामी होली त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए थाना स्तर पर तैयारी करने कहा, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। इसके लिए एसपी तिवारी ने शांति समिति की बैठक जिला स्तर तथा थाने स्तर पर आयोजित करने के लिए भी कहा। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर भी चर्चा करते हुए लोकसभा चुनाव में बूथों में सुरक्षा का अपेक्षित स्तर, बाहर से आने वाले सुरक्षाबलों के ठहरने की व्यवस्था, लाइसेंसी हथियारों को थाने में जमा कराने पर जोर दिया। साथ ही लगातार पैदल पेट्रोलिंग, 185 एमवी एक्ट की कार्रवाई एवं स्थाई वारंट तामीली करने का निर्देश थाना व चैकी प्रभारियों से कहा। उन्होंने अभियान स्तर पर बदमाशों और असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने बारे में भी बताया। एसपी ने बैठक में उपस्थित पुलिस अधिकारियों को आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अलर्ट मोड पर रहने कहा।

## संक्षिप्त समाचार

### मानदेय के लिए तरस रहे रसोईया व चौकीदार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले में आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित आश्रम व छात्राओं में पदस्थ रसोईयां, भृत्य व चैकीदारों को विभाग पिछले 4 माह से मानदेय नहीं दे पा रहा है। जिसके कारण उक्त कर्मचारियों व उनके परिजनों के समक्ष भूखों मरने की स्थिति आ गई है। इन दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को प्रति माह 10 हजार रुपए मासिक वेतन के रूप में दिया जाता है। जिससे उनके परिवार का खर्च चलता है। इस समस्या के समाधान के लिए इन कर्मचारियों ने कलेक्टर एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से कई बार गुहार लगा चुके हैं। राज्य शासन द्वारा विभाग को आवंटन प्राप्त न होने के कारण इन्हें वेतन नहीं मिल पा रहा है। यहां बताना होगा कि इन्हीं कर्मचारियों के नाम से राज्य शासन द्वारा अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण नामक विभाग बनाया गया है, जो सुचारू संचालित हो रहे हैं। लेकिन छात्रावासों व आश्रमों में रहने वाले बच्चों की देखरेख सहित उनके नाश्ता व भोजन बनाकर देने समेत कई जिम्मेदारी निभाने वाले इन कर्मचारियों को उनका ही विभाग उन्हें समय पर मानदेय नहीं दे पा रहा है। जबकि प्रदेश के अन्य विभागों में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को अगस्त 2023 से 14000 रुपए मासिक दिया जा रहा है। लेकिन आदिवासी विकास विभाग ही एक ऐसी विभाग रह गया है जहां राज्य शासन के आदेश और निर्देशों का समय पर पालन नहीं हो रहा है। इन कर्मचारियों को अविलंब वेतन भुगतान न होने की स्थिति में युवा नेता मनीराम जांगड़े ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

### ध्वनि प्रदूषण पर होगी कार्रवाई

**कोरबा(विश्व परिवार)।** लोकसभा चुनाव, होली व रमजान के मद्देनजर एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने मातहत राजपत्रित अधिकारियों व थाना-चैकी प्रभारियों की बुधवार को बैठक ली। इस दौरान तैयारी के निर्देश देते हुए थानों में पेंडिंग अपराध, शिकायत, मर्ग, चालान और विवेचना का स्तर उन्नयन करने को कहा। इसके साथ ही नशा, जुआ, सट्टा, कबाड़ समेत अन्य अवैध कारोबार और डीजे व अन्य प्रकार के ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण कर कड़ाई से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। होली व रमजान को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए थाना स्तर पर तैयारी करने के निर्देश देते हुए जिला स्तर व थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक करने के लिए भी कहा गया। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा करते हुए पोलिंग बूथों में सुरक्षा का अपेक्षित स्तर, बाहर से आने वाले सुरक्षाबलों के ठहरने की व्यवस्था, लाइसेंसी हथियारों को थाने में जमा कराने के अलावा सभी क्षेत्र में लगातार पैदल पेट्रोलिंग, वारंट तामिली व मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई के लिए कहा गया।

### वीडियो निगरानी और अवलोकन दल को दिया गया प्रशिक्षण

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए गठित जिले के समस्त वीडियो निगरानी दल और वीडियो अवलोकन दल का प्रशिक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के आदेशानुसार जिला पंचायत के सभागार में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण देते हुए जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने बताया कि चुनाव के दौरान होने वाली जनसभा, रैलियों आदि में जाकर वीडियो निगरानी दल द्वारा समस्त कार्यक्रम का वीडियोग्राफी किया जाएगा। इस दौरान सभा स्थल के मंच, पंडाल, पोस्टर, बैनर, झंडे तथा कुर्सी आदि को दिखाते हुए इन सबका विवरण भी कमेंट्री करते हुए देना होगा। साथ ही उम्मीदवार और स्टार प्रचारकों आदि द्वारा दिए गए भाषण का कव्हरेज करना होगा। वीडियो बनाने के क्यूशीट वीडियो अवलोकन दल को सौंप दिया जाएगा। इस वीडियो का अवलोकन करने वाली टीम सभा, रैली आदि में हुए संभावित खर्च की जानकारी लेखाटीम को देगी। इन्हें यह भी देखना होगा कि सभा तथा रैलियों में किसी भी तरह से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन ना किया जाए। प्रशिक्षण में उन्होंने बताया कि विपक्षी उम्मीदवार या विपक्षी दल के नेताओं के व्यक्ति जीवन के बारे में प्रतिकूल टिप्पणी करना, जाति, भाषा, धर्म, क्षेत्र आदि के आधार पर वोट मांगना, किसी का पुतला दहन करना आदि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। किसी दल का स्टार प्रचारक अपने भाषण के दौरान उम्मीदवार का नाम लेकर वोट मांगे या उम्मीदवार उसके साथ मंच साझा करे अथवा स्टार प्रचारक के मंच पर उम्मीदवार का फोटो लगा रहे तो उस सभा का सारा खर्च उम्मीदवार के खाते में जुड़ जाएगा। इसी तरह यदि स्टार प्रचारक के हेलीकॉप्टर में उम्मीदवार यात्रा करेगा तो उसका आधा किराया उम्मीदवार को वहन करना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि रैली में एक साथ 10 से अधिक वाहन नहीं हो सकते। अधिक वाहन होने पर प्रत्येक 10-10 वाहनों के बाद कम से कम 100 मीटर का फासला होना चाहिए। वाहनों में बैनर लगाने की अनुमति नहीं होगी, केवल एक फीट गुणा डेढ़ फीट का एक झंडा लगाया जा सकता है।


# संपादकीय

## अहसास वोटर की ताकत का

चुनाव आयोग की तमाम कोशिशों के बावजूद अभी भी 33 फीसद वोटर घरों से निकलते नहीं हैं। आजादी के सात दशक बाद भी लोक सभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत 67 फीसद से अधिक नहीं हो पा रहा है। वर्ष भर मतदाता सूची में नाम जोड़ने की सुविधा व घर के निकट मतदान बूथ बनाने के बावजूद एकतिहाई मतदाता घर से निकलते नहीं हैं। आयोग की तरफ से मतदाता जागरूकता व मतदाता भागीदारी कार्यक्रम चल रहा है, जिसका मुख्य मकसद कम मतदान प्रतिशत का विश्लेषण करना तथा मतदान प्रतिशत बढ़ाना है। इस बार पंजीकृत मतदाताओं की संख्या 97 करोड़ करीब पहुंच चुकी है। आयोग का निरंतर प्रयास है कि अधिक-से-अधिक संख्या में लोग अपने मतदान का प्रयोग करें। आयोग ने अपनी बेवसाइट के माध्यम से मतदाता खोज से लेकर शिकायत दर्ज कराने तक की व्यवस्था की है। पहले लोग शिकायत करते थे कि मतदान केंद्र बहुत दूर है या वहां तक पहुंचने की उचित व्यवस्था नहीं है, जिसके लिए आयोग ने ज्यादा से ज्यादा बूथ बनाकर सुविधाजनक कर दिया। जहां दस मतदाता भी हैं, वहां विशेषकर बूथ बनाये जाते हैं। इस सब में भारी व्यवस्था व मानवश्रम लगता है। देखने में आता है कि शहरी व शिक्षित वर्ग मतदान के प्रति विशेष अरुचि रखता है। ढेरों लोग मतदान दिवस के अवकाश को मनोरंजन का दिन बना लेते हैं। यह सच है कि बुजुर्ग और अकेले रह रहे लोग बिना किसी सहयोग के बाहर नहीं निकल सकते। कुछ ऐसे लोग भी हैं, जिन्हें उम्मीदवार पसंद नहीं या उनके प्रति किसी तरह का असंतोष है, वे भी नाराजगी व्यक्त करने के कारण मतदान का इस्तेमाल नहीं करते। हालांकि अब नोटा यानी कोई भी उम्मीदवार न पसंद होने पर प्रयोग किया जाने वाला विकल्प है। इसलिए वे इसका प्रयोग करने को स्वतंत्र हैं। कुछ अन्य राजनीतिक दलों के रवैये से असंतुष्ट होते हैं। क्योंकि एक बार चुन लिये जाने के बाद विजेता की कोई जवाबदेही नहीं रह जाती। जिससे नाराज लोग विरोध स्वरूप वोट नहीं देते। कारण कुछ भी हो परंतु अपने बहुमूल्य वोट के महत्त्व को समझना होगा वरना जैसी व्यवस्था चल रही है, वैसे ही चलती रहेगी। उसे बदलने का इख्तियार सिर्फ मतदाता के पास है, इसका अहसास होना जरूरी है।

# चुनावी बॉन्ड चंदा सत्ता की पार्टी को ही!

हरिशंकर व्यास



चुनावी बॉन्ड के जरिए राजनीतिक दलों को मिले चंदे का ब्योरा सार्वजनिक हो गया है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से चुनावी बॉन्ड के जरिए चंदा देने का जो कानूनी तरीका स्थापित किया गया था उसमें पारदर्शिता की कोई गुंजाइश नहीं थी। देश के नागरिकों से यह बात छिपाई गई कि किस पार्टी को कौन चंदा दे रहा है और कितना चंदा दे रहा है? लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस गोपनीयता पर से परदा हटा दिया है। यह भी कह सकते हैं कि पहला परदा हट गया है। यह पता चल गया है कि किस कंपनी ने किस तारीख को कितने रुपए का बॉन्ड खरीदा। यह भी पता चला है कि किस पार्टी ने किस तारीख को कितने रुपए का बॉन्ड भुनाया। हालांकि अब भी बॉन्ड का यूनिक नंबर सार्वजनिक नहीं किया गया है, जिससे यह पता चले कि किस कंपनी द्वारा खरीदा गया बॉन्ड किस राजनीतिक दल ने भुनाया है। फिर भी यह पता चल गया है कि किस कंपनी ने सबसे ज्यादा बॉन्ड खरीदा और किस पार्टी ने सबसे ज्यादा बॉन्ड को कैश कराया। अभी जितना खुलासा हुआ है उसका लब्बोलुआब है कि भले इसे राजनीतिक चंदे का नाम दिया जा रहा है लेकिन यह चंदा राजनीतिक दलों को कम और सरकारों को ज्यादा मिलता है। कहने का मतलब है कि जिस पार्टी की सरकार रहती है उसको चंदा मिलता है। विपक्षी पार्टियों को चिड़िया के चुग्गे के बराबर चंदा मिलता है। दूसरा निष्कर्ष यह भी है कि उत्तर भारत के हिंदी पट्टी की पार्टियों की हैसियत कुछ नहीं है। देश के बड़े कॉरपोरेट घराने उनको कुछ नहीं समझते हैं। इसका कारण यह भी हो सकता है कि हिंदी पट्टी के राज्यों में बड़े कॉरपोरेट घरानों के लिए कोई अवसर नहीं होता है इसलिए वे इस इलाके की पार्टियों को नाममात्र का चंदा देते हैं या नहीं देते हैं। तभी बिहार में सत्ता में होने के बावजूद नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यू को बहुत मामूली चंदा मिला है। उनके मुकाबले मुख्य विपक्षी राजद को थोड़ा ज्यादा चंदा मिला है। उत्तर प्रदेश की समाजवादी पार्टी को भी चुनावी बॉन्ड के जरिए बहुत कम फंडिंग हुई है, जबकि बसपा को चुनावी बॉन्ड से कोई चंदा नहीं मिला है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि खनिज संपदा से संपन्न राज्य झारखंड में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा चार साल से सरकार में है लेकिन उसका नाम टॉप पार्टियों में नहीं है। जबकि झारखंड में देश के बड़े कॉरपोरेट घरानों का बड़ा निवेश है और बड़ा काम है। ध्यान रहे चुनावी बॉन्ड के जरिए चंदा देने वालों में देश की बड़ी और नामी कंपनियों के नाम नहीं हैं। चुनावी चंदे में पार्टियों का ब्यौरा यह है- ममता बनर्जी (तृणमूल कांग्रेस)बहरहाल, केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के बाद सबसे ज्यादा चंदा ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस को मिला है। ध्यान रहे वे 2011 के बाद से लगातार पश्चिम बंगाल की सरकार में हैं। उनको कुल 1,609 करोड़ रुपए का चुनावी बॉन्ड मिला है। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर सार्वजनिक किए गए आंकड़ों के मुताबिक ममता बनर्जी की पार्टी जब मई 2021 में तीसरी बार जीती और तमाम माहौल बनाने के बावजूद भाजपा नहीं जीत पाई तो अचानक तृणमूल कांग्रेस को मिलने वाले चंदे में भारी इजाफा हुआ। आंकड़ों के मुताबिक अक्टूबर-नवंबर 2020 और जनवरी 2021 में तृणमूल कांग्रेस ने कुल 65 बॉन्ड कैश कराए, जिनसे उसे 43.4 करोड़ रुपए मिले। लेकिन चुनाव के दौरान यानी मार्च और अप्रैल 2021 में तृणमूल कांग्रेस ने 171 बॉन्ड कैश कराए, जिनसे उसे 55.44 करोड़ रुपए मिले। इसके बाद शुरू होती है असली कहानी। मई में तीसरी बार सरकार में आने के बाद ममता बनर्जी की पार्टी ने मई में 337 बॉन्ड कैश कराए, जिनसे उसे 107 करोड़ रुपए से ज्यादा मिले। उसी साल अक्टूबर में पार्टी ने करीब 142 करोड़ के बॉन्ड कैश कराए और फिर जनवरी 2022 में 224 करोड़ रुपए का बॉन्ड भुनाया। इसके बाद 2022 में ही तृणमूल कांग्रेस ने 203 करोड़ रुपए का बॉन्ड और भुनाया। देश की बड़ी कंपनियों ने तृणमूल को चंदा दिया होगा। गौरतलब है कि सबसे ज्यादा बॉन्ड खरीदने वाली 20 कंपनियों में तीन पश्चिम बंगाल में स्थित हैं। उनमें से हल्दिया एनर्जी ने 377 करोड़ का बॉन्ड खरीदा, कैवेंटर फूड पार्क ने 195 करोड़ और एमकेजे इंटरप्राइज ने 192 करोड़ रुपए का बॉन्ड खरीदा था। बंगाल स्थित कंपनियों से ममता बनर्जी की पार्टी को ज्यादा चंदा मिला हो सकता है। कांग्रेस पार्टी बनाम टीआरएसङ्क को कुल 1,421 करोड़ रुपए के बॉन्ड मिले हैं। यानी उसे एक राज्य में सरकार वाली तृणमूल कांग्रेस के मुकाबले दो सौ करोड़ रुपए कम मिले हैं। लेकिन इससे भी दिलचस्प यह है कि चौथे नंबर पर के चंद्रशेखर राव की पार्टी भारत राष्ट्र समिति है। 2023 के दिसंबर तक तेलंगाना में उसकी सरकार थी। उसे 1,214 करोड़ रुपए का बॉन्ड मिला है। यानी अखिल भारतीय स्तर की पार्टी, संसद की मुख्य विपक्षी पार्टी और दिसंबर 2023 तक चार राज्यों में सरकार चला रही कांग्रेस को जितना मिला था उससे सिर्फ दो सौ करोड़ कम एक राज्य तेलंगाना में सत्तारूढ़ दल को चंदा मिला था। पांचवें नंबर पर ओडिशा में पिछले 24 साल से सत्तारूढ़ बीजू जनता दल है, जिसे 775 करोड़ रुपए से ज्यादा का चुनावी बॉन्ड मिला था। इसके बाद तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके को 639 करोड़ फिर आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएस कांग्रेस को 337 करोड़ रुपए मिले। महाराष्ट्र में 2022 के जून तक सत्ता में रही शिव सेना को 158 करोड़ रुपए मिले। चुनावी बॉन्ड जारी होने के बाद डेढ़ साल तक बिहार में सत्ता रही राष्ट्रीय जनता दल को 72 करोड़ रुपए का बॉन्ड मिला। भाजपा-कहने की जरुरत नहीं है कि चुनाव आयोग की ओर से सार्वजनिक किए गए ब्योरे के मुताबिक सबसे ज्यादा चंदा भारतीय जनता पार्टी को मिला है। उसने 6,060 करोड़ रुपए का बॉन्ड कैश कराया है। स्टट बैंक ने जो ब्योरा दिया है उसमें 2019 से 2024 का डाटा है। इस अवधि में कुल 12,156 करोड़ रुपए के बॉन्ड बिके थे। इसमें से लगभग आधा यानी 6,060 करोड़ अकेले भाजपा को मिला है। इसका ब्योरा सार्वजनिक नहीं हुआ है लेकिन अंदाजा लगाया जा सकता है कि 2019 में ज्यादा बड़े बहुमत के साथ भाजपा के केंद्र की सरकार में लौटने के बाद उसको मिलने वाले चुनावी बॉन्ड में बढ़ोतरी हुई होगी।अगले कुछ दिन में जो आंकड़े और डिकोड होंगे या चुनावी बॉन्ड के यूनिक अल्फा न्यूमेरिक नंबर्स जारी होंगे तब पता चलेगा कि भाजपा और दूसरी पार्टियों को किस कारोबारी घराने ने कितना रुपए चंदा दिया। लेकिन इतना स्पष्ट है कि जो पार्टियां सरकार में थीं उन्हें दूसरी पार्टियों के मुकाबले ज्यादा चंदा मिला है।

# विचार

## पुतिन की जीत के मायने

रूस के राष्ट्रपति ब्लादीमिर पुतिन पांचवी बार भारी मतों से चुनाव जीत गए हैं। उन्हें 87.29 फीसद वोट मिला। उनके पक्ष में सुनाया गया विराट जनादेश इस बात का संदेश है कि देश की राजनीतिक व्यवस्था पर उनका प्रभावी नियंत्रण है और वह सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। इससे यह भी जाहिर होता है कि रूस की जनता ने उनकी नीतियों का समर्थन किया है। भारत, चीन और उत्तर कोरिया सहित अनेक देश के नेताओं ने जीत पर उन्हें बधाई दी, जबकि पश्चिमी देशों ने चुनावों में धांधली का आरोप लगाकर उनकी जीत को खारिज कर दिया। अमेरिका और पश्चिमी देशों के पुतिन के साथ जिस तरह के तनावपूर्ण रिश्ते हैं उन्हें देखकर उनकी ओर से इसी तरह की प्रतिक्रिया का अनुमान था। चुनाव परिणामों के तुरंत बाद पुतिन ने अमेरिका के नेतृत्व वाले नाटो को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर पश्चिमी देशों ने यूक्रेन में अपनी सेना तैनात की तो तीसरा विश्व युद्ध अवशयंभावी है। रूसी राष्ट्रपति की यह कड़ी प्रतिक्रिया फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के उस गैरजिम्मेदाराना बयान के संदर्भ में आई है जिसमें उन्होंने यूक्रेन में फ्रांस और नाटो के सैनिकों को तैनात करने के बारे में कहा था। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी पुतिन को पिछले दिनों क्रूर, हत्यारा, तानाशाह और युद्ध अपराधी बताया था। राष्ट्रपति पुतिन अगले छह वर्षो तक मजबूती के साथ सत्ता में बने रहेंगे। अमेरिका और पश्चिमी देशों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए। पुतिन के अधिकतर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी और आलोचक या तो जेल में हैं या देश से निर्वासित। राष्ट्रपति चुनाव से पहले पुतिन के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी अलेक्सी नवालनी की आर्कटिक जेल में मौत हो गई थी। उनकी पत्नी यूलिया ने उनकी मौत के लिए पुतिन को सीधे जिम्मेदार ठहराया था। बाइडन ने भी पुतिन के विरुद्ध तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। पश्चिमी देशों की मीडिया नवालनी को नागरिक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आजादी का योद्धा बता रहा है। लेकिन पुतिन इन आलोचनाओं से बेफिक्र हैं और आलाचकों के प्रति उदारवादी रुख अपनाए हुए हैं। शीत युद्ध के दौरान भी अमेरिका और रूस (तब सोवियत संघ) से संबंध तनावपूर्ण थे। 1962 में अमेरिका ने जब कम्युनिस्ट देश क्यूबा में मिसाइल तैनात किया तब भी सोवियत संघ और अमेरिका के बीच युद्ध की स्थिति बन गई थी। यूक्रेन-रूस युद्ध ने भी अमेरिका और रूस के संबंधों को बहुत तनावपूर्ण बना दिया है।

## सीएए का विरोध है औचित्यहीन

गृहमंत्री अमित शाह द्वारा लोक सभा चुनाव के पूर्व नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लागू करने के बयान के बाद तो केवल तिथि की प्रतीक्षा थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे लागू करके सभी कयासबाजी पर विराम लगा दिया। इस मामले में विरोधियों की प्रतिक्रियाएं वही हैं जैसी संसद में पारित होने के पूर्व से लेकर लंबे समय बाद तक रही है। यह प्रश्न उठाया जा रहा है कि आखिर ऐन चुनाव के पूर्व ही इसे लागू करने की क्या आवश्यकता थी? अगर लागू नहीं किया जाता तो चुनाव में विरोधी यही प्रश्न उठाते कि इसे लागू क्यों नहीं कर रहे? कानून पारित होने के बाद नियम तैयार करने के लिए गृह मंत्रालय को सात बार विस्तार दिया गया था। नियम बनाने में देरी के कई कारण रहे। कानून पारित होने के बाद से ही देश कोरोना संकट में फंस गया और प्राथमिकताएं दूसरी हो गई। दूसरे, इसके विरु द्ध हुए प्रदर्शनों ने भी समस्याएं पैदा की। अनेक जगह प्रदर्शन हिंसक हुए, लोगों की मौत हुई और दिल्ली में सांप्रदायिक दंगे तक हुए। तीसरे, विदेशी एजेंसियों और संस्थाओं की भी इसमें भूमिका हो गई। चौथे, सर्वोच्च अदालत में इसके विरु द्ध याचिकाएं दायर हुई। इन सबसे निपटने तथा भविष्य में लागू करने पर उनकी पूनरावृत्ति नहीं हो इसकी व्यवस्था करने में समय लगना ही था। मूल बात यह नहीं है कि इसे अब क्यों लागू किया गया। मूल यह है कि इसका क्रियान्वयन आवश्यक है या नहीं और जिन आधारों पर विरोध किया जा रहा है क्या वे सही है? यह बताने की आवश्यकता नहीं कि कानून उन हिन्दुओं, सिख, बौद्ध, जैन, पारसियों और ईसाइयों के लिए है, जो 31 दिसम्बर , 2014 को या उससे पहले पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से धार्मिक उत्पीड़न के कारण पलायन कर भारत आने को विवश हुए थे। यानी यह कानून इनके अलावा किसी पर लागू होता ही नहीं। नागरिकता कानून, 1955 के अनुसार अवैध प्रवासियों को या तो जेल में रखा जा सकता है या वापस उनके देश भेजा जा सकता है।

# होली विशेष आलेख-रंग न हों बदरंग

विजय मिश्रा 'अमित'



होलिका दहन के उपरांत काफी थके होने के कारण घोड़ा बेचकर गहरी नींद में सो गया था। तभी रोना- गाना शोर -शराबा के कारण मेरी नींद उचट गई। आंखें मलते हुए मैं उस ओर चल पड़ा जहां से रोने चिल्लाने की आवाज आ रही थी। आगे जाकर मैंने देखा कि टेबल पर रखे हुए बाजार से खरीद कर लाए गए रंग- गुलाल रोते हुए आपस में एक दूसरे को अपनी अपनी पीड़ा सुन रहे हैं। मैं उनकी बातें सुनने उनके करीब जाकर छुपकर बैठ गया।

मैंने सुना एक सफेद रंग का गुलाल कह रहा था- भाइयों होली तो प्रेम और भाईचारा के सद्भाव को जगाने वाला पर्व है,पर अब होली के दिन लाठी-गोली, चाकूबाजी और धर्म के नाम पर लड़ाई दंगे ही देखने सुनने को मिलते हैं।

सफेद गुलाल की बातों पर सहमति देते हुए लाल गुलाल गुस्से में तमतमाते हुए बोला- बिल्कुल सही कह रहे हो भाई।पिछले वर्ष की ही बात है केसरिया और हरे रंग के गुलाल को लेकर दो समुदाय में भयंकर लड़ाई छिड़ गई थी। इंसान अपने साथ-साथ हम रंग गुलाल को भी धर्म के नाम पर बांट रहा है। ऐसे दो मुंहे इंसानों से तो नफरत होने लगी है।

लाल गुलाल की बातों को आगे बढ़ते हुए हरे



गुलाल ने कहा- तुम्हारी बात सोलह आना सही है।हरा रंग तो हरियाली का और अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य को बनाए रखना का संकेत देता है किन्तु बददिमाग इंसानों ने हरे रंग के नाम पर ऐसा घिनौना खेल खेलना आरंभ किया है कि अब मुझे अपने हरे रंग होने पर गर्व के बजाय शर्म का आभास होता है। डरा सहमा हुआ मैं अपनी जान बचाने की फिक्र में रहता हूं।

हरे गुलाल के कंधे पर हाथ रखते हुए केसरिया गुलाल ने कहा- भाई तुम्हारी तरह मेरी भी दुर्दशा है। शौर्य -वीर और गर्व का प्रतीक मैं केसरिया रंग अब एक नए मानसिक विकारों से घिर गया हूं।मुझे एक वर्ग संप्रदाय का ही मान लिया गया है। मुझे भी अब यही डर सताते रहता है कि मैं दो समुदाय के बीच खूनी लड़ाई- झगड़े का कारण न बन जाऊं।

केसरिया गुलाल की बात पूरा होते ही पीला गुलाल उठ खड़ा हुआ और बोला- प्रकृति ने मानव जीवन को विविध रंगो से संजोया है पर रंगों की आड़ में राजनीति करने वाले लोमड़ी बुद्धि के लोगों ने रंगो को रंजिश का कारण बना कर रंग में भंग कर दिया है।हम रंग गुलालों की जिन्दगी को बेरंग-बदरंग कर डाला है। समयआ गया है कि अब हमें मानव जीवन से सदा सदा के लिए दूर हो जाना चाहिए।

गुलालों का गुस्सा और बुद्धिमता पूर्ण बातें सुनकर मुझे पसीना आने लगा। मैं हाथ जोड़कर उनके और करीब पहुंचा और दंडवत शरणागत होकर बोला- हे गुलाल भाइयों मैं माफी चाहता हूं। तुम्हारा गुस्सा सही बात के लिए है,पर तुम्हारी तरह उम्दा सोच अभी सभी इंसानों के भीतर नहीं है। इसीलिए मेरी विनती है कि मानव जीवन से तुम मुख मत मोड़ो।

धीरज रखो तुम्हारा मधुर स्वभाव,विभिन्न रंगों से संचारित सुन्दर संदेशों काअसर बददिमाग इंसानों की आंख खोलने में अवश्य कामयाब होगा।हमारे बुजुर्गों का कहना की कुत्ते की आंख इक्कीस दिन में खुलती है पर आदमी की आंख खुलने में इक्कीस वर्ष लग जाते हैं।आप लोग हड़बड़ी में गड़बड़ी मत करना।


गुलाल भाइयों रंगों की ताकत को तो आप लोग जानते ही हैं।इंसान के भीतर भरे काले कपट रंग को धोकर भाईचारा धर्म भाव को रंग बखूबी जगा सकते है। तभी तो हमारे देश का झंडा तिरंगा की ताकत,एकता के प्रताप का गुणगान पूरी दुनिया करती है।

गुस्से में तमतमाय गुलालों का गुस्सा मेरी बातें सुनकर कपूर की भांति हवा में उड़ गया। वे एक-एक करके मेरे पास आते गए और मेरे माथे पर, गालों पर अपना प्यार बिखरते चले गए।मुझे याद आई ए पंक्तियां -

कुछ ऐसी चीज़ मिलाइए नफ़रत के तेल में।
इंसान मोहब्बत करने लगे होलसेल में।

# वक्त व्लादिमिर पुतिन जीते......समय मेहरबान!

श्रुति व्यास



वक्त व्लादिमिर पुतिन पर मेहरबान है। वे यूक्रेन युद्ध में 'जीत' रहे हैं। उनके खिलाफ बगावत का नेतृत्व करने वाले येवगेनी प्रिगोझिन को विमान हादसे में मरवाने में वे कामयाब रहे हैं। और इस साल उन्होंने अपने प्रबल विरोधी अलेक्सी नवलनी को खत्म करवा दिया। इस सबके चलते उन्होंने बिना किसी खास प्रयास के और दिक्कतों व परेशानियों के बगैर एक शानदार चुनावी जीत हासिल की। यहां तक कि उजड़े और वीरान मारियूपोल ने भी मतदान किया और पुतिन की 'पुनर्विजय' में भूमिका अदा की। यह साफ़ है कि उनका राज कायम रहेगा। और रूस व बलपूवर्क हासिल किए गए कुछ अन्य इलाकों पर उनका सख्त नियंत्रण बना रहेगा। वे रूस के नए जार हैं। युद्ध जारी रहेगा बल्कि और तेज, और हिंसक, और घातक बनता जाएगा। पश्चिम व अन्य देश मूकदर्शक बने रहेंगे। पुतिन को रोकनेवाला कोई नहीं है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमेन्युल मेक्रों के यह कहने की देर थी कि युद्ध में यूक्रेन का पक्ष मजबूत करने के लिए नाटो को अपने सैनिक भेजने पर विचार करना चाहिए कि पुतिन ने एक बार फिर परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकी दे दी। पुतिन की ज्यादातर बातें केवल गीदड़ भभकियां हैं। मगर वे यह मानते हैं कि वक्त उनके साथ है और इसलिए वे कुछ भी कर सकते हैं। इन हालातों में उनकी महत्वाकांक्षाएं बढ़ना स्वाभाविक है। वे यूक्रेन से भी आगे बढेंगीं। वे अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए और निष्ठुर हो जाएंगे ङ्क वे सोवियत साम्राज्य के नए जार बनना चाहेंगे, और साथ ही दुनिया का जार नही। और पश्चिमी देश व बाकी दुनिया दर्शक दीर्घा में बनी रहेगी। पुतिन की चमड़ी मोटी हो चुकी है और उनका तनिक भी नुकसान नहीं हुआ है। पश्चिम द्वारा घोषित और लागू किए गए प्रतिबंधों से वे और अधिक शक्तिशाली और समृद्ध हुए हैं। आर्थिक तौर पर एवं विचारधारा की दृष्टि से पुतिन का उदय रोकने में पश्चिम विफल रहा है। पुतिन ने 1999 में सत्ता संभाली। उन्होंने योजनाबद्ध ढंग से रूस में लोकतंत्र का गला घोंटा, पहले धीरे-धीरे और युवा शहरियों द्वारा 2010 के दशक में व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बाद तेजी से। उनका आरोप है कि पश्चिम उनकी सरकार के लिए समस्याएं उत्पन्न कर रहा है। और इसलिए अपनी सत्ता की रक्षा के लिए वे रूस की जनता को पश्चिम के असर से मुक्त करने और अमरीका और नाटो के खिलाफ रूसियों को एकताबद्ध करने का प्रयास कर रहे हैं। आज रूस की अर्थव्यवस्था सिकुड़ कर मध्यम आकार की बन चुकी है और दुनिया में फैलाने के लिए उसके पास पुतिनवाद के अलावा कोई और विचारधारा नहीं है। फिर भी रूस सुरक्षित है और सारी दुनिया के लिए खतरा बनने की क्षमता रखता है।बल्कि खतरा बना हुआ है। पुतिन का रूस सोवियत साम्राज्य का जार और सारी दुनिया का शहंशाह बनने को उद्यत है। क्या कोई है जो पुतिन को रोक सके? न तो पश्चिम और ना ही उसके प्रतिबंधों में यह क्षमता है और ना ही नाटो और उसकी सैन्य शक्ति में। वैसे भी, दुनिया के गैर-ज़िम्मेदार देशों की मूर्खताएं जो कहर बरपा सकती हैं उसकी तुलना में नाटो की ताकत कुछ भी नहीं है। पुतिन को सिर्फ जनता रोक सकती है। यह ताकत केवल रूसियों के पास है। एक क्रांति इसका जरिया हो सकती है। अफसोस, वक्त उनके साथ नहीं है। उन्हें पुतिन का तख्तापलट करने के लिए क्रांति करने का न तो अवसर है, ना समर्थन हैं और न लोगों में जोश भरने वाली कोई आवाज़ है। उनके पास अलेक्सी नवलनी था, लेकिन आज वो भी नहीं है। पिछले कई सालों से उनकी बात रूस में ध्यान से सुनी जाती थी। उनमें पुतिन और उनके चमचों द्वारा फैलाए गए झूठ का भंडाफोड़ करने की क्षमता थी। नवलनी इस झूठ का पर्दाफाश में सक्षम थे पुतिन और उनके साथी मजबूत राष्ट्र के निर्माण में जुटे आदर्शवादी और सीधे-सच्चे लोग हैं। नवलनी को वहां के कुलीन वर्ग की काली करतूतों और भ्रष्टाचार का खुलासा करने में महारत हासिल थी। पहली बार रूस की जनता को एक अलग प्रकार की राजनीति देखने का मौका मिला था। इसके पहले तक वे राष्ट्रपति के रूप में पुतिन के अलावा किसी और की कल्पना भी नहीं कर सकते थे।नवलनी आशा की किरण थे। लेकिन अब वे नहीं हैं और अँधेरे ने अपना साम्राज्य कायम कर लिया है। जनता को मानों लकवा मार गया है। कई लोग तो सड़कों पर निकलने की हिम्मत तक नहीं जुटा पा रहे हैं और रूस छोड़ने की जुगत में हैं। हालांकि ऐसी खबरें है कि इस चुनाव में कई नागरिकों ने अपना विरोध प्रदर्शित करने के लिए मतपेटियां में स्याही उड़ेल दी, या विस्फोटकों से उन्हें नष्ट कर दिया या आग लगाने का प्रयास किया। लेकिन इससे अंतिम नतीजे पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। अंतर्राष्ट्रीय प्रेस का मानना है कि यह सब नवलनी से प्रेरित लोगों द्वारा ही किया गया। अपने अंतिम सार्वजनिक संदेशों में से एक में नवलनी ने जनता से आव्हान किया था कि वे पुतिन के प्रति विरोध प्रदर्शित करने के लिए 17 मार्च को मतदान केन्द्रों पर जाएं और पुतिन को हराएँ। लेकिन इसका अपेक्षित प्रभाव नहीं हुआ।वक्त पुतिन का साथ दे रहा है। वे अजेय और चुनौती-विहीन बने हुए हैं। एक और जीत, जो तय है, के बाद, पुतिन, किम जोंग की तरह बन जाएंगे। रूस पहले से ही एक ऐसा राष्ट्र बन चुका है जो कुछ भी कर सकता है। दुनिया को चौकन्ना रहने की जरूरत है। ऐसा लगता है कि 2024 अमन से महरूम रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अन्तर्मना उवाच : कार्य की समाप्ति यदि संतोषजनक हो तो परिश्रम की थकान खुशी में बदल जाती है : आचार्य श्री




**औरंगाबाद ( विश्व परिवार )।** इन्सान में चाहे कितने ही गुण क्यों ना हो - जब तक वह समय की कद्र करना नहीं सीखता, तब तक वह समय का मूल्य नहीं समझ सकता। समय का दुरूपयोग करने वालों को, कभी सुअवसर प्राप्त नहीं होते। संसार में सबके हिस्से में यदि बराबर कुछ आया है तो वह है समय। जिसका सबसे ज्यादा अपव्यय यदि कोई करता है तो वह है मनुष्य। ऐसे कितने मनुष्य हैं जो इस बात से वाकिफ है कि हमनें समय का कितना सदुपयोग किया और कितना दुरूपयोग- ? यदि आप अपने समय का हिसाब लगायें तो केवल लज्जित, शर्मिन्दगी और दुःखी के अलावा आपके पास कुछ भी नहीं बचेगा। जिस समय हम समय को अनावश्यक बर्बाद करते हैं, उसी समय में हम अच्छे प्रयत्न करके, कुछ अच्छा प्राप्त भी कर सकते हैं। जो मनुष्य अपने जीवन में कुछ पाना चाहते हैं, या कुछ बनना चाहते हैं, या कुछ होना चाहते हैं, उसे इस बात को अपने जहन में रखना होगा कि समय ही मेरा असली धन है और इसी से हम लाभ ही लाभ उठा सकते हैं। **-नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल**

### कुंडलपुर में आज 4 मुनि संघो की अगवानी

**सागर ( विश्व परिवार )।** 16 अप्रैल को कुंडलपुर में होने वाले आचार्य पद पदारोहण महामहोत्सव के साक्षी बनने के लिए आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के संघस्थ रहे चार मुनि संघो का प्रवेश 23 मार्च को सुबह होने जा रहा है। भव्य अगवानी के लिए कुंडलपुर कमेटी तैयारी कर रही हैं इस वर्ष के अंत तक आधे से अधिक मुनि संघ कुंडलपुर में प्रवेश हो जाएंगे। मुनि सेवा समिति के सदस्य मुकेश जैन ढाना ने बताया कि निर्यापक मुनि श्री अभय सागर महाराज, निर्यापक मुनि श्री संभव सागर महाराज, मुनि श्री प्रभात सागर महाराज और मुनि श्री आनंद सागर महाराज के संघ के 19 महाराजो की अगवानी मुनि श्री निर्णय सागर महाराज, मुनिश्री विशद सागर महाराज, मुनि श्री विनम्र सागर महाराज, मुनि श्री विराट सागर महाराज ससंघ करेंगे। 30 मार्च तक आधा दर्जन मुनि महाराजो के संघ और 5 आर्यिका माताजी के संघ बड़े बाबा के चरणों में कुंडलपुर तीर्थ क्षेत्र पहुंचेंगे। कुंडलपुर में आचार्य पद पदारोहण महामहोत्सव की तैयारी जोरों पर चल रही है तीन दिवसीय कार्यक्रम 15 अप्रैल से 17 अप्रैल तक होगा मुख्य कार्यक्रम 16 अप्रैल को दोपहर में लाखों लोगों की उपस्थिति में विधि विधान से संपन्न होगा। महा महोत्सव को लेकर प्रशासनिक तैयारी भी चल रही है कार्यक्रम के संयोजक वीरेश सेठ ने बताया कि लगभग ढाई लाख फुट का पांडाल बनाया जा रहा है। व्हीआईपी टेंट के कमरे और चौके भी बनकर तैयार हो रहे हैं। देश और प्रदेश की राजनीतिक हस्तियों को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया जा रहा है।



### कलेक्टर, एसएसपी और जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायत बरौदा के प्राथमिक शाला में किया मध्यान्ह भोजन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, एसएसपी श्री संतोष सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप ने आज शासकीय प्राथमिक शाला बरौदा, शासकीय प्राथमिक शाला दोंदेकला, शासकीय प्राथमिक शाला धनेली मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत बरौदा के प्राथमिक शाला में मध्यान्ह भोजन कर के मीड डे मील में मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता जाँचा। कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह, एस एस पी श्री संतोष सिंह एवं ज़िला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप के अलावा रायपुर अनुविभागीय अधिकारी श्री नंदकुमार चौबे तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## गायत्री नगर जयपुर में सिद्ध चक्र महामंडल विधान के 256 अर्घ्य समर्पित

**वैशाली नगर में पंचकल्याणक महोत्सव की पत्रिका का हुआ विमोचन**

**जयपुर ( विश्व परिवार )।** श्री दिगंबर जैन मंदिर गायत्री नगर, महारानी फार्म जयपुर में आयोजित सिद्ध चक्र महामंडल विधान के पांचवें दिन 21 मार्च को नित्य नियम की पूजा व शांति धारा के पश्चात 256 अर्घ्य भक्ति भाव से समर्पित किए गए। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कैलाश छाबड़ा ने बताया कि विधान के समय वैशाली नगर पंचकल्याणक महोत्सव 27 मार्च से 21 अप्रैल परम पूज्य आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज ससंघ सानिध्य में जो हो रहा है उस महोत्सव समिति के पदाधिकारीगण उपस्थित होकर पत्रिका का विमोचन कराया एवं मंदिर प्रबंध समिति गायत्री नगर के पदाधिकारियों को पत्रिका भेंट की।



इस अवसर पर पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में बने तीर्थंकर के माता-पिता अशोक संतोष पाटनी, सोधर्म इंद्र बने प्रवीण प्रिया बडजात्या कामां वाले, सनत्कुमार इंद्र बने प्रतीक स्वाति जैन सेवा वाले एवं महोत्सव समिति के पदाधिकारी उपस्थित हुए सभी उपस्थित पदाधिकारी व पात्रों का गायत्री नगर प्रबंध समिति के पदाधिकारी कैलाश छाबड़ा, अरुण शाह, राजेश बोहरा, राकेश छाबड़ा, मुकेश सोगानी, संतोष गंगवाल एवं अशोक पापड़ीवाल, सुभाष बज प्रकाश गंगवाल, प्रकाश बाकलीवाल, पदम पांड्या, प्रदीप पाटनी, आदि ने स्वागत सम्मान किया इस अवसर पर सोधर्म इंद्र बने प्रवीण बडजात्या ने उपस्थित समस्त गायत्री नगर समाज को पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में उपस्थिति हेतु आमंत्रण किया।

इस अवसर पर तीर्थंकर की माता की गोद भराई गायत्री नगर जैन समाज की ओर से भी किया गया। युवा परिषद की राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने अवगत कराया कि उपरोक्त सभी मांगलिक क्रियाएं पंडित संजय शास्त्री सांगानेर द्वारा कराई गई, उन्होंने सिद्ध चक्र विधान में समर्पित 256 अर्घ्य के संबंध में प्रकाश डाला अवगत डाला सांय सामूहिक आरती, पंडित संजय शास्त्री द्वारा श्रावकाचार पर प्रवचन एवं श्रीमती उर्मिला गंगवाल व विमला पापड़ीवाल द्वारा अष्टांन्हिका का उपवास करने की अनुमोदना हेतु विनतियों का विनतियों का आयोजन किया गया। **-उदयभान जैन**

## सिद्ध क्षेत्र सम्मेद शिखर जी में जगत कल्याण की कामना के लिए हुई महा शान्ति धारा

**मोक्ष सागर जी महाराज ने कहा- बिना निमित्त के उपादान दान की सिद्धि नहीं होती**

**विश्व शांति महायज्ञ में आज हम 254 अर्घो का समर्पण कर रहे हैं : विजय धुर्रा**



**मधुवन ( विश्व परिवार )।** तीर्थ राज सम्मेद शिखर में आज जगत कल्याण की कामना के लिए मूल नायक भगवान श्री पुष्पदंत स्वामी की महा शान्ति धारा उपाध्याय श्री विभ्जन सागर जी महाराज के श्री मुख से व्रहदमंत्रोकर के साथ कराई गई जिसका सौभाग्य मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ओम प्रकाश देवेन्द्र कुमार पवन कुमार सुनील कुमार धुर्रा अशोक नगर पीयूष जैन कोटा अशोक खादी आषीश खंडवा अरविंद कुमार भोपाल के साथ अन्य भक्तों को मिला

इस दौरान मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि भारत वर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जैन राजनैतिक चेतना मंच के राष्ट्रीय कार्य अध्यक्ष हुकम काका कोटा राजेन्द्र कुमार प्रकाश जी हरसौरा परिवार ने 250 यात्रियो को सिद्ध क्षेत्र सम्मेद शिखर जी की वंदना करने का भाव वनाया और आज यहां हम सिद्धो की आराधना करते हुए दो सौ चोपन अर्घो का समर्पण किये जा रहे हैं हमारे सौभाग्य से आज आचार्य श्री सभंव सागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री मोक्ष सागर जी महाराज हमें आशीर्वाद देने आये है पूज्य श्री कुछ अर्घो के मंत्रों के साथ ही हमें आशीर्वाद वचन देंगे इस दौरान मंडल पर अर्घ समर्पित करने का सौभाग्य पदम कुमार राजेन्द्र कुमार प्रकाश जी हुकम काका हरसौरा प्रतीक साक्षी हरसौरा गोपाल जी एडवोकेट चेतन जी उदयपुर रितुराज जी नीतेश सेठी अशोक खादी कैलाश जैन संजय दुगेरिया प्रदीप टोंग्या सुनील टोंक सहित अन्य भक्तों को मिला

इसी दौरान आचार्य श्री सभंव सागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री मोक्ष सागर जी ने कहा कि विना निमित्त के उपादान की सिद्धि नहीं होती आप लोगों को तीर्थ राज की वंदना का निमित्त मिला और निमित्त वने राजेन्द्र कुमार प्रकाश जी हुकम काका निमित्त वने और आपको तीर्थ राज की वंदना का सौभाग्य प्राप्त हुआ कृत कारित और अनुमोदना करने वाले को भी पुण्य मिलता है फिर तो आप प्रातः काल से ही सिद्ध क्षेत्र में सिद्ध प्रभु की महा आराधना कर रहे हैं बहुत पुण्य से ऐसा योग मिलता है पाप से बचने के लिए सबसे पहले प्रमाद को छोड़कर धर्म कार्य करें प्रमाद के पंद्रह प्रकार कहे गये है इनको छोड़ कर भगवान की भक्ति करने से प्रशस्त पुण्य की प्राप्ति हो जायें चार विकथा इनको छोड़ कर आप भगवान की करें। **-विजय धुर्रा**

## आचार्य श्री सुनील सागर जी पहुंचे जयपुर, संकल्प पदयात्रा ने लिया आशीर्वाद, खानियांजी में आज होगा भव्य मंगल प्रवेश

**जयपुर ( विश्व परिवार )।** आचार्य सुनील सागर महाराज ससंघ का शुक्रवार 22 मार्च को आगरा रोड स्थित 52 फिट हनुमान जी मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में जैन बन्धुओं ने संघ की अगवानी कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

राजस्थान जैन सभा जयपुर के मंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि आचार्य श्री ससंघ की प्रातः की आहार चर्या मंदिर परिसर में हुई। इस मौके पर राजस्थान जैन सभा जयपुर के महामंत्री मनीष बैद, मंत्री विनोद जैन कोटखावदा, समाजसेवी मनोज सोगानी पहाडी वाले एवं कमल वैद, ममता सोगानी जापान वाले सहित बडी संख्या में गणमान्य श्रेष्ठीजनों ने श्रीफल भेट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर समाज बन्धुओं ने आचार्य श्री से आज की युवा पीढी के धर्म से विमुख होने की परिस्थितियों पर गहन चिंतन किया गया।



श्री जैन के मुताबिक इस मौके पर 501 किलो घी एवं चांदी की चरण पादुका के साथ कालवाड जयपुर से श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या जा रही 28 दिवसीय संकल्प पद यात्रा में शामिल पदयात्रियों ने आचार्य श्री से पदयात्रा की सफलता के लिए आशीर्वाद लिया। सभी यात्रियों ने व्यसन त्याग का संकल्प लिया।

आज शनिवार को होगा खानियांजी की राणाजी की नसियां में भव्य मंगल प्रवेश- आचार्य श्री 108 सुनील सागर महाराज ससंघ का विहार शुक्रवार को शाम 52 फीट हनुमान जी के मंदिर से मंगल विहार होकर जयकारों के साथ सोगानी फार्म हाउस हाईवा हेवेन्स रिसॉर्ट्स जामडोली में हुआ। इस मौके पर समाजश्रेष्ठी शांति कुमार ममता सोगानी जापान वाले ने मंगल आरती कर अगवानी की। इस मौके पर गुरुदेव की आरती, भक्ति संध्या के बाद भक्तामर दीप महाअर्चना अनुष्ठान किया गया। गायक नरेंद्र जैन पार्टी के द्वारा भव्य प्रस्तुतियां दी गई। आचार्य श्री ससंघ का रात्रि विश्राम यही हुआ। विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि शनिवार 23 मार्च को आचार्य सुनील सागर महाराज ससंघ का धर्म नगरी जयपुर में भव्य मंगल प्रवेश होगा। आचार्य श्री सोगानी फार्म हाउस से मंगल विहार कर दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र जग्गा की बावड़ी में दर्शन लाभ लेते हुए प्रातः 8 बजे सिसोदिया रानी के बाग के पास पेट्रोल पम्प पहुचेगे। जहा से विशाल जुलूस के साथ खानियां स्थित राणा जी की नसियां में भव्य मंगल प्रवेश होगा। इस मौके पर सभी गुरु भक्तों द्वारा आचार्य श्री के पाद प्रक्षालन कर भव्य अगवानी की जाएगी। तत्पश्चात् धर्म सभा का आयोजन किया जाएगा। **-विनोद जैन कोटखावदा**

## युवा देश का भविष्य, लोकसभा चुनाव में युवाओं की भूमिका अहम होगी : बृजमोहन अग्रवाल

**बृजमोहन अग्रवाल ने भारतीय जनता युवा मोर्चा की बैठक में कार्यकर्ताओं में भरा जोश**




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** हमारी भारतीय जनता पार्टी की बड़ी ताकत है युवा मोर्चा। प्रत्येक चुनाव में मोर्चा अहम भूमिका निभाता रहा है। इस बार भी भाजपा के युवा तुर्क अपना पराक्रम दिखाएंगे और नरेंद्र मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए रायपुर लोकसभा से भाजपा को प्रचंड जीत दिलाएंगे। यह बात वरिष्ठ मंत्री और रायपुर लोकसभा प्रत्याशी श्री बृजमोहन अग्रवाल शुक्रवार को भाजयुमो रायपुर शहर जिला की बैठक के दौरान कही।

बैठक का आयोजन भाजपा लोकसभा केंद्रीय चुनाव कार्यालय में किया गया था। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि, पहले के चुनाव बिजली, पानी, सड़क पर केंद्रित होते थे। लेकिन अब समय बदल गया है। अब विकसित भारत बनाने को लेकर चुनाव हो रहा है। भारत को विश्व गुरु और अखंड भारत बनाने के लिए चुनाव हो रहा है। मोदी जी ने आम आदमी के जीवन को बदलने वाली अनेक योजनाएं चलाईं जिनका लाभ जनता को मिल रहा है बस जनता को जागरूक करने की जरूरत है।

आज की तारीख में मोदी जी ने युवाओं के जीवन को बदलने के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं। इससे युवाओं को न केवल रोजगार के अवसर मिल रहे हैं, बल्कि वो स्वयं को सम्मानित और सुरक्षित भी महसूस कर रहे हैं।

जब युवा शक्ति सही मार्गदर्शन और सही समर्थन प्राप्त करती है, तो वो इतनी मेहनत करती है कि उसके सामर्थ्य बढ़ जाते हैं। युवाओं में उम्मीद, जोश, संकल्प और स्वावलंबन होता है जो उन्हें आगे बढ़ने और दृढ़ता से अपने लक्ष्य को अर्जित करने में सहायता करता है।

युवा शक्ति देश की दशा और दिशा बदलने का दम रखती है। किसी भी लक्ष्य को पूरी जिम्मेदारी और कर्तव्यनिष्ठा से हासिल कर सकती है। श्री अग्रवाल ने मोर्चा के कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर जनता के बीच जाने के लिए कहा। साथ मोदी जी की गारंटी और विष्णु के सुशासन को जनता को बताने को कहा।

उन्होंने यह भी कहा कि, कांग्रेस सरकार में यूपीएसएसी, भ्रष्टाचार का बोल बाला था जबकि भाजपा सरकार पूरी पारदर्शिता से काम कर रही है। अकेले स्कूल शिक्षा विभाग में 33 हजार से ज्यादा भर्तियों की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। जो युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है।

श्री अग्रवाल ने मोर्चा कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया कि रायपुर लोकसभा में ज्यादा से ज्यादा जनता को मतदान के लिए जागरूक करें और अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करें।कार्यक्रम में शामिल मोर्चा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी श्री बृजमोहन अग्रवाल को रायपुर से ऐतिहासिक जीत दिलाने का संकल्प लिया।

## कलेक्टर और एसपी लगातार कर रहे हैं मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**7 मई भरी गर्मी में होने वाले मतदान को मद्देनज़र रखते हर बूथ को बनाएं सुविधाजनक : कलेक्टर**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह और एसएसपी श्री संतोष सिंह आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के संबंध में लगातार मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर रहें हैं। आज शासकीय प्राथमिक शाला दोंदेकला, शासकीय प्राथमिक शाला धनेली, शासकीय प्राथमिक शाला बड़ौदा के मतदान केंद्र का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि 7 मई को बेहद गर्मी और उच्च तापमान रहेगी उसको ध्यान में रखते हुए ऐसी व्यवस्था की जाएं कि मतदाताओं को परेशानी न हो, वे अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित हो। जिससे उनको किसी प्रकार की परेशानी न हो। धूप से बचाव के लिए शेड और पीने के पानी की व्यवस्था रहे। साथ ही मतदान केंद्रों में महिला और पुरूष के लिए पृथक शौचालय कक्ष हो। कलेक्टर और एसएसपी सभी कक्षों के भीतर जाकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में दो दरवाजे हो जिसमें एक दरवाजे से भीतर जाकर मतदान करने के पश्चात दूसरे दरवाजे से बाहर निकल आएं। मतदान केंद्र तक पहुंचने का मार्ग अच्छी अवस्था में हो, ताकि मतदाता आसानी से पहुंच सके। एसएसपी ने कहा कि मतदान केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था अच्छी रखें। आवश्यकता पड़ने पर बैरिकेट्स की व्यवस्था करें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) श्री नंदकुमार चौबे एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## जैन मिलन मकरोनिया के चुनाव सम्पन्न, सुरेश जैन चौथी बार बने बीज निगम अध्यक्ष

**सागर ( विश्व परिवार )।** जैन मिलन मकरोनिया क्षेत्र क्रमांक 10 के वार्षिक चुनाव श्री ऋषभदेव जैन धर्मशाला मैं संपन्न हुए। महावीर प्रार्थना के साथ वर्ष 2024-25 के चुनाव अधिकारी वीर अजित जैन शिक्षक राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त एवं वीर हेमचंद जैन शिक्षक चुनाव अधिकारी द्वारा विधिवत चुनाव प्रक्रिया कर चुनाव कराया गया। जिसमें वीर सुरेश जैन बीज निगम को लगातार चौथी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। इसी प्रकार वीर राजेश जैन कोषाध्यक्ष को लगातार चौथी बार कोषाध्यक्ष चुना गया एवं वीर रविंद्र जैन मंत्री लगातार दूसरी बार मंत्री निर्वाचित घोषित किए गए। जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों ने अपनी सहमति एवं अनुमोदना करते हुए बधाइयां दी। एवं माला दुपट्टा एवं तिलक लगाकर सभी निर्वाचित सदस्यों का स्वागत किया गया। चुनाव प्रक्रिया में वीर श्री हीरालाल जैन वरिष्ठ समाज सेवी एवं अध्यक्ष ऋषभनाथ देवस्थान मंदिर, वीर श्री महेश जैन एसडीओ राष्ट्रीय संयोजक भारतीय जैन मिलन, वीर वीरेंद्र प्रधान रिटायर्ड मैनेजर, वीर गुलझारीलाल जैन वरिष्ठ समाजसेवी संरक्षक एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भारतीय जैन मिलन विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस अवसर पर वीर मनीष जैन विद्यार्थी क्षेत्रीय संयोजक मीडिया प्रभारी, वीर जिनेश जैन बहरोल वरिष्ठ क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, वीर राकेश जैन छुल्ला क्षेत्रीय संयोजक, वीर प्रकाश चंद्र जैन शिक्षक राष्ट्रपति पुरस्कार, वीर राकेश जैन ने अपने विचार रखते हुए वीर सुरेश जैन द्वारा एवं उनके कार्यकारिणी द्वारा पिछले वर्षो मे किए गए कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की एवं कहा कि लगातार उनके कार्यों एवं कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए चौथी बार भी इनको अवसर मिलना चाहिए एवं इनको लगन मेहनत के साथ बिना भेदभाव के कार्य करना चाहिए। हम सभी वीर सुरेश जैन के साथ तन मन धन से साथ में रहकर इनका सहयोग करेंगे। वीर सुरेश जैन ने अपने उद्बोधन में सबको आश्वासन दिया एवं कहा कि जैन मिलन शाखा को सर्वोच्चता प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी एवं बिना भेदभाव के कार्य किया जावेगा जो सभी आप लोगों के सहयोग से संभव हो पाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से वीर राजेश जैन कोषाध्यक्ष, वीर रविंद्र जैन मंत्री, वीर निशिकांत सिंघई प्रचार मंत्री, वीर आर के जैन कृषि विस्तार अधिकारी, वीर प्रकाश जैन मोदी मार्बल, वीर अनिल जैन कर्रापुर, वीर प्रसून जैन, वीर अरविंद जैन वीर आलोक जैन बरायठा, वीर अरुण जैन, वीर इंजी राजीव भारिल्ल, वीर विनोद जैन आवारा, वीर उत्तमचंद जैन, वीर प्रकाश चंद्र जैन, वीर निशिकांत सिंघई, वीर महेंद्र जैन, वीर कोमल चंद्र जैन, वीर महेंद्र जैन मुनीम साहब, वीर अनुपम जैन वीरअखिलेश जैन, वीर चेतन जैन वीर निलेश जैन, वीर पीसी जैन वीर वीरेंद्र जैन, वीर अशोक कुमार जैन, वीर संपत जैन वीर अरुण जैन, वीर पवन मेडिकल वीर संजय दिवाकर, वीर आशीष जैन, वीर मनीष जैन पारस, वीर अमित जैन गायक हैंडलूम, वीर मनोज जैन ऑटो पार्ट्स, वीर पीके जैन, वीर आलोक जैन, वीर राजेश जैन, वीर सुनील जैन वीरअखिलेश जैन, वीर राजीव जैन वीर सुमत जैन, वीर राकेश जैन, वीर आनंद जैन विशेष रूप से उपस्थित थे। जिनकी गरिमा में उपस्थित में नवनिर्वाचित पदाधिकारीयो को घोषित कर सम्मान किया गया एवं निर्देशित किया गया कि शेष कार्यकारिणी अपने स्तर से गठित करें। कार्यक्रम के अंत में आचार्य विद्यासागर महा मुनिराज को विनम्र विन्यांजलि दी गई तथा अंत में अरिहंत स्तुति के साथ वीर रविंद्र जैन मंत्री द्वारा सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।



## महाराष्ट्र मंडल के फिजियोथैरेपी सेंटर में महिला के हाथों की जकड़ी हुई अंगुलियों का इलाज करतीं हुईं फिजियोथेरेपिस्ट

**महाराष्ट्र मंडल के फिजियोथेरेपी सेंटर में निर्धन मरीजों का निःशुल्क उपचार**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** महाराष्ट्र मंडल में संचालित फिजियोथेरेपी सेंटर में निर्धन मरीजों, जरूरतमंदों और वरिष्ठ नागरिकों का मुफ्त में उपचार किया जा रहा है। मंडल के फिजियोथेरेपी सेंटर में अत्याधुनिक मशीनों के साथ सिद्धहस्त डॉक्टरों की देखरेख में मरीजों का उपचार किया जा रहा है।

बता दें कि भारतीय जीवन बीमा निगम गोल्डन जुबली फाउंडेशन योजनांतर्गत महाराष्ट्र मंडल के फिजियोथेरेपी सेंटर का संचालन किया जा रहा है। इसके लिए अत्याधुनिक मशीनों व उपकरणों की व्यवस्था छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के सौजन्य से की गई है।

उपाध्यक्ष श्याम सुंदर खंगन ने बताया कि चौबे कॉलोनी स्थित मंडल भवन में 26 जनवरी से फिजियोथेरेपी सेंटर शुरू किया गया था। दान स्वरूप न्यूनतम सहयोग राशि पर यहां आने वालों का उपचार किया जा रहा है। अध्यक्ष अजय काले और कार्यकारिणी ने शुरू में ही यह फैसला लिया था कि निर्धन और जरूरतमंदों का मंडल के फिजियोथेरेपी सेंटर में निःशुल्क उपचार किया जाएगा। खंगन ने बताया कि फिजियोथेरेपी सेंटर में हर आयु वर्ग के लोग नियमित रूप से आ रहे हैं। तीन एक्सपर्ट डाक्टर्स डॉ. संगीता कश्यप, डॉ. अंकिता काले और डॉ. डिंपल दीक्षा अग्रवाल अपनी सेवाएं दे रही हैं। यहां हॉट पैक, टेंस, लेजर, आईएफटी, अल्ट्रासाउंड और स्ट्रीम्यूलेशन जैसी आधुनिक मशीनें लाई गई हैं। इससे लोगों का फिजियो किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### जल जीवन मिशन के कार्यों में पाइप लाईन की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए : कलेक्टर

**सारंगढ़-बिलाईगढ़(विश्व परिवार)।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन कार्यों के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता बरकरार रखते हुए तय समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों में पाइप लाईन की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि अगर कार्य में किसी भी प्रकार के बाधा-व्यवधान आ रही है, तो उसके निराकरण के लिए अधिकारियों को अवगत कराएं। जिला प्रशासन द्वारा पूरा सहयोग किया जाएगा। इसके अलावा जिन एजेंसियों के कार्यों में लापरवाही है, उन पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर साहू ने जल जीवन मिशन अंतर्गत ठेकेदारों से गांवों में पानी के भूजल स्तर और जल स्रोत की उपलब्धता और सूखापन, बिजली की व्यवस्था, ट्रांसफार्मर की स्थापना एवं उससे जुड़ी समस्या, टंकी स्थापना, टंकी में पानी की पहुंच, पम्प स्थापना, घरों तक पाइपलाइन बिछाना, सीमेंटेड टंकी निर्माण, दूरस्थ गांवों में विद्युतीकरण के बारे में जानकारी ली और समय अवधि तक प्रस्तावित कार्यों को पूरा करने के लिए कहा, साथ ही कार्यों को मानिटरिंग अच्छे से करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीएफओ , एसडीएम वासु जैन, परियोजना अधिकारी हरिशंकर चौहान एवं समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### 31 पशुओं को बुचड़खाना ले जा रहे 9 आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले की कटघोरा थाना पुलिस ने पशुओं की हत्या के लिए बुचड़खाना ले जा रहे नौ आरोपियों को पकड़कर उनके कब्जे से 26 नग गाय, 2 बछड़ा और 3 बैल को बरामद किया है। मामलें में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 06, 10 एवं पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी द्वारा क्षेत्र में अवैध गतिविधि के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के संबंध में दिए गए निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी पंकज ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी द्वारा अपने मातहत कर्मचारियों के साथ त्वरित कार्यवाही करते हुए दिनांक 20 मार्च को ग्राम अमलडीहा के ग्रामीणों द्वारा सूचना दी गई थी कुछ लोग मवेशियों को क्रूरता पूर्वक मारते पीटते हुए बूचड़खाना ले जाने हेतु लेकर जा रहे है। सूचना पर थाना कटघोरा के पुलिस टीम द्वारा तत्काल रेड कार्यवाही करते हुए जशपुर जिला के रहने वाले 6 व्यक्ति और कोरबा जिले के रहने वाले 03 व्यक्ति को पकड़ा गया तथा उनके पास से 26 नग गाय, 2 बछड़ा और 3 बैल को बरामद कर पशुओं के संबंध में वैध दस्तावेज पेश करने नोटिस दिया गया जिनके द्वारा मवेशियों को बूचड़खाना ले जाना बताने पर आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 06, 10 एवं पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत गिरफ्तार कर रिमांड तैयार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### देवर-भाभी ने फांसी लगाकर दी जान

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले के पसान थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत बैरा के आश्रित मोहल्ला उदरदा देवर-भाभी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। गांव से महज कुछ दूरी पर दोनों के शव पेड़ पर एक ही फंदे से लटके मिले। पुलिस और परिजन प्रेम-प्रसंग की आशंका जता रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह ग्राम पंचायत बैरा के ग्रामीण खेत में काम करने के लिए जा रहे थे इसी दौरान उन्होंने गांव से कुछ ही दूरी पर एक महिला व एक पुरूष की लाश फांसी के फंदे पर लटकती हुई देखी। मृतकों की पहचान गांव के ही उमेंद्र गोंड (27) और कलावती (34) के रूप में की गई। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव नीचे उतरवाकर का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजवा दिया। बताया जा रहा है कि दोनों शादीशुदा है। उमेंद्र मृतका कलावती का चचेरा देवर था तथा उसके तीन बच्चे है साथ ही कलावती के भी तीन बच्चे हैं। मृतका कलावती का पति रोजी मजदूरी और खेती किसानी का काम करता है। गुरूवार की सुबह जब वो उठा और पत्नी नहीं दिखी, तो सोचा कि कहीं गई होगी। लेकिन कुछ देर बाद उसे सूचना मिली कि पत्नी और भाई ने फांसी लगा ली है। मामले में परिजनों ने दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग की आशंका जाहिर की है। फिलहाल पुलिस सभी एंगल से मामले की जांच कर रही है।

# अल्ट्राटेक यूनिट ने ग्रामीण हाट को दिया नया जीवन

## बैकुंठ सीमेंट वर्क्स द्वारा तैयार बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर से ग्रामीणों को लाभ, 80 से अधिक किसानों ने उचित दामों पर बेची अपनी उपज

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ में रायपुर के पास स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट की इंटीग्रेटेड मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट बैकुंठ सीमेंट वर्क्स ने नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (नाबार्ड) और ग्राम पंचायत बहेसर के सहयोग से यूनिट के पास बहेसर गांव में एक हाट (ग्रामीण बाजार) को पुनर्जीवित किया है । इस हाट ने न सिर्फ छोटे किसानों को उनकी उपज सीधे ग्रामीणों को उचित दामों पर बेचने में मदद की, बल्कि बिचौलियों कि आवश्यकता को कम कर ग्रामीणों को स्थायी आजीविका प्राप्त करने में मदद किया । भारत सरकार के कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग ने 'एग्रीकल्चर मार्केटिंग एंड रोल ऑफ वीकली ग्रामीण हाट' पर स्थायी कृषि समिति (2018-2019) की 62वीं रिपोर्ट में कहा था कि, ग्रामीण क्षेत्रों में हाट किसानों को अपना टोटल मार्केटेबल सरप्लस का 90त्न बेचने के लिए एक फर्स्ट मीटिंग पॉइंट के रूप में काम करती हैं। ग्रामीण अंचलों में ये बाजार



गावों के केन्द्र में स्थित होता है, गांव के केंद्र में बाज़ार के होने से किसानों को बाजारों में कृषि उपज लाने में न केवल परिवहन के लागत में कमी, बल्कि किसानों का अन्य अतिरिक्त नुकसान भी कम हो जाता हैं। इन्ही फायदों को देखते हुए, यदि हाटों में विकासकार्य हो तो यह किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए एक बेहतर वैकल्पिक मंच हो सकते हैं। ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत बहेसर में ग्रामीण हाट को केंद्र में रखा गया है । ग्राम पंचायत बहेसर में कोविड के बाद सभी प्रकार के जन-समागम निष्क्रिय हो गए जिसका प्रभाव ग्रामीण हाट पर भी हुआ, हाट परिसर में लोगों का आना जाना कम हो गया । व्यवस्थाओं में कमी थी और पूरा हाट कच्चा हुआ करता था, हाट में इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी थी। स्थानीय किसान उपज बेचने के लिए इन गांवों में घर-घर घूमते थे। बहुत कम शेल्फ लाइफ वाले फल - सब्जियां, ताजी उपज, किसानों को अक्सर बिचौलियों को औने-पौने दामों में बेचने के लिए मजबूर होना पड़ता था। हाट को पुनर्जीवित करने और किसानों की मदद करने के प्रयास में, बैकुंठ सीमेंट वर्क्स की टीम, नाबार्ड रायपुर और ग्राम पंचायत बहेसर के सहयोग से, हाट की मरम्मत करने के कार्य, कार्ययोजना बना कर पूरा किया।

कार्ययोजना के तहत विक्रेताओं और किसानों के लिए शेड लगाए गए, फर्श को पक्का किया गया और ग्राहकों के लिए पैदल मार्ग बनाकर सुविधाओं को सुदृढ़ बनाया गया। टीम ने एक समर्पित महिला शौचालय बनाने के साथ-साथ पंचायत द्वारा सीसीटीवी निगरानी प्रणाली स्थापित करके हाट को और अधिक महिलाओं के अनुकूल बनाया। इस हाट को 2023 में चालू किया गया, और आज के दिन इस हाट से 80 से अधिक स्थानीय किसान अपनी उपज ग्रामीणों को बेच सकते हैं। इसके परिणामस्वरूप किसानों को प्रति माह 5,000 से 10,000 रूपये के बीच अतिरिक्त आय हो रही है, जिससे उन्हें आजीविका का एक विश्वसनीय स्रोत मिल रहा है। अल्ट्राटेक, आदित्य बिड़ला सेंटर फॉर कम्युनिटी इनिशिएटिव्स एंड रूरल डेवलपमेंट के तत्वावधान में सामाजिक पहल करता है, जिसकी अध्यक्ष श्रीमती राजश्री बिड़ला हैं। भारत के 16 राज्यों में स्थित 500 से अधिक गांवों में 1.6 लाख से अधिक लाभार्थियों को सेवाएँ पहुँचाने वाली अल्ट्राटेक के सीएसआर गोल्स शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएँ, सस्टेनेबल लाइवलीहुड, कम्युनिटी इन्फ्रास्ट्रक्चर और सोशल कॉज़ पर केंद्रित हैं।

# सीमा पर अवैध परिवहन एवं असामाजिक तत्वों पर हो निगरानी - कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू

### कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने निर्वाचन इनफोर्समेंट एजेंसी की बैठक ली

**सारंगढ़-बिलाईगढ(विश्व परिवार)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन आचार संहिता लागू होने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने इनफोर्समेंट एजेंसी की समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा, डीएफओ , अपर कलेक्टर शैलभ कुमार साहू, एसडीएम वासु जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू, एसडीएम डॉ स्निग्धा तिवारी, स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान,जिला कोषालय अधिकारी चंद्रपाल सिंह ठाकुर, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, निर्वाचन पर्यवेक्षक हरिकिशन डनसेना, खनिज अधिकारी एच डी भारद्वाज, आबकारी अधिकारी सोनल नेताम, आरटीओ अधिकारी, लीड बैंक प्रभारी अधिकारी सुरेश दामके उपस्थित थे। कलेक्टर साहू ने कहा कि स्वतंत्र निष्पक्ष निर्वाचन कराना प्रशासन का उद्देश्य है। इसलिए सभी विभागीय अधिकारी अंतर्राज्यीय सीमा पर असामाजिक तत्वों की घुसपैठ, शराब की तस्करी, नगद राशियों की आवाजाही, बिना विधिमान्य, वाउचर एवं बिना जीएसटी भुगतान के सामग्रियों का परिवहन पर कड़ी कार्यवाही करें। इस दौरान आयकर अधिकारी अमरीश कुमार ने चेकपोस्ट पर काम रहे जांच दलों एसएसटी और एफएसटी की टीम को आचार संहिता के दौरान अवैध कैश मोबिलाइजेशन को रोकने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दिए। उन्होंने चेकिंग के दौरान अलग-अलग वस्तुओं पर लगने वाले कर के निर्धारण के संबंध में जानकारी दी। इसके पश्चात् कलेक्टर साहू ने बताया कि आचार संहित के दौरान जो कानून हैं, उसी के आधार पर अलग-अलग प्रकरणों पर कार्यवाही होगी। इसके अलावा उपस्थित सभी बैंक प्रतिनिधियों से अकाउंट में होने वाले बड़े ट्रांजेक्शन एवं संदेहास्पद लेनेदेन पर ध्यान रखने कहा एवं रिपोर्ट लीड बैंक मैनेजर को देने को कहा, ताकि उसकी जांच की जा सके। उन्होंने ट्रांजेक्शन पर इनकम टैक्स को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने बैंक के कैश वाहनों के बिना रूकावट परिवहन हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित क्यूआर जनरेट कर लगवाने के निर्देश दिए। जिसमें सोर्स एवं डेस्टिनेशन जैसे जानकारी उपलब्ध हो। उन्होंने सभी बैकों को इस पर तत्काल कार्य करने हेतु निर्देशित किया।

# अरनपुर और समेली के बालक आश्रम शाला और उप स्वास्थ्य केन्द्रों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

### क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का भी किया भ्रमण, बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** आज कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा जनपद पंचायत कुआकोंडा के अरनपुर एवं समेली क्षेत्र का भ्रमण कर मतदान केन्द्रों की मूलभूत व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों में प्रारंभिक सुविधाएं सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही उन्होंने बालक आश्रम शाला, का भी औचक निरीक्षण किया और आश्रम में शिक्षक आवास संचालित करने, सोलर लाइट लगाने, तथा ट्यूबवेल खनन करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही आश्रम परिसर में बाड़ी विकास के तहत किचन गार्डन बनाने के लिए भी कहा। इसके अलावा उक्त आश्रम शाला में छात्रों की पढ़ाई को देखते हुए कम्प्यूटर एवं इंटरनेट सुविधा मुहैया कराने के भी कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी प्रकार अरनपुर निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केन्द्र के लिए भी कलेक्टर ने समय सीमा में पूरा करने को कहा। इसके साथ ही कलेक्टर आंगनबाड़ी बंडीपारा पहुंचे और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को बच्चों को रोजाना दिये जाने वाले आहार की जानकारी लेते हुए इसका विशेष ध्यान रखने को कहा। आंगनबाड़ी केन्द्र में विद्युत कनेक्शन करवाकर लाइट और पंखे लगाने के लिए भी कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। बंडीपारा में ही कलेक्टर ने स्वीकृत प्राथमिक शाला सह शौचालय निर्माण कार्य एवं आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य को भी श्रीघ प्रारंभ करने को कहा। अंत में कलेक्टर द्वारा उप स्वास्थ्य केन्द्र समेली, माड़ेया के नवीनीकरण कार्य तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पोटाली का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत भारतीय स्टेट बैंक शाखा में आम जन को दिलाई गई शपथ

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रोहित व्यास और जिला स्वीप नोडल मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती कमलेश नंदनी साहू के निर्देशन एवं जिला स्वीप सहायक नोडल जिला शिक्षा अधिकारी श्री राम ललित पटेल के मार्गदर्शन में जिला सूरजपुर में लोक सभा निर्वाचन में शत - प्रतिशत मतदान कराने हेतु स्वीप अंतर्गत लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है । इसी तारतम्य में सूरजपुर जिले के मेन रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत बैंक के अधिकरियो और कर्मचारियों के साथ बैंक में आए हुए आम नागरिकों को मतदान के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से प्रचार प्रसार कर, मतदाता जागरूकता के तहत शत प्रतिशत मतदान करने हेतु, बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ साथ आमजन को मतदान करने हेतु शपथ ग्रहण भी कराया गया। इस दौरान विकासखंड परियोजना अधिकारी जयराम प्रसाद, सुदर्शन दास, अजय देवांगन एवं भारतीय स्टेट बैंक शाखा सूरजपुर के मुख्य प्रबंधक जादवेन्द्र कम्प, सहायक प्रबंधक सुश्री शालिनी दत्ता, स्वाति हेमब्रम, गार्ड जगदीश केरकेट्टा के साथ - साथ बड़ी संख्या में बैंक के अधिकारी - कर्मचारी और ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# होली पर्व और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने ली गई शांति समिति की बैठक

### शांति समिति के सदस्यों द्वारा दिया गया सहयोग का आश्वासन

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा अंचल के थाना कोतवाली परिसर में जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली की अध्यक्षता में आगामी होली पर्व और लोकसभा चुनाव के मध्य नजर शांति समिति की बैठक ली गई। बैठक में व्यापारी संघ इतवारी बाजार, सराफा संघ, होली सामान विक्रेता एवं थाना कोतवाली क्षेत्र के सभी पार्षद गणों की बैठक ली गई। मुखौटा व नुकसान दायक रंग नहीं बेचने, होली उत्सव के दौरान नागरिक गण अपने सुने मकान को छोड़कर अपने पुश्तैनी गांव शहर जाने के समय किसी प्रकार का बहुमूल्य आभूषण सोना, चांदी संपत्ति सुने घर में छोड़कर नहीं जाने हेतु समझाइस दी गयी। सराफा व्यापारियों को सीसीटीवी कैमरा लगाने संबंधी समझाइस दी गयी। बैठक में पार्षद रवि चंदेल, संतोष राठौड़, संतोष लांजेकर, सुरेंद्र प्रताप जायसवाल, धरम निर्मले, श्रीमती धनश्री अजय साहू, सुफल दास सराफा व्यापारी संघ के अध्यक्ष जयकुमार सोनी ऑटो संघ के अध्यक्ष बृजेश सिंह ठाकुर इतवारी बाजार व्यापारी संघ के अध्यक्ष कन्हैयालाल कलवानी, अनीश मेमन, श्याम दास, उमाशंकर अरोड़ा आदि उपस्थित थे। साथ ही होली त्यौहार के पावन पर्व पर सभी धर्म समाज के गणमान्य नागरिकों पार्षद गणों की एक बैठक आहूत की गई। बैठक में शांतिपूर्ण एवं समय पर होलिका दहन करने, सौहाद्र पूर्ण होली का त्यौहार मनाने, जबरदस्ती किसी को रंग ना लगाने, होली में मादक पदार्थो का सेवनकर नशे में तीन सवारी वाहन न चलाने, किसी प्रकार के हुड़दंग ना करने, शांतिपूर्ण होली का त्यौहार मनाने की अपील की गई।

# शांति समिति की बैठक में होली पर्व सद्भावना के साथ मनाने की अपील

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** रंगों का त्योहार होली को लेकर शुक्रवार को शांति समिति की बैठक सिटी कोतवाली गरियाबंद में सम्पन्न हुआ । जिसमें आगामी त्योहार को लेकर शांतिपूर्वक, सौहार्दपूर्ण के साथ मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया।बैठक में होली का त्योहार शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। इसमें सदस्यों ने विभिन्न समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए जिला प्रशासन से त्योहार के मौके पर पानी व बिजली की निर्बाध आपूर्ति कराने की मांग की। बैठक के दौरान डीएसपी गोपाल वैश्य, नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटके, तहसीलदार गरियाबंद थाना प्रभारी , चेंबर ऑफ़ कामर्स के अध्यक्ष प्रकाश चंद रोहरा,किराना व्यापारी संघ हरीश




भाई ठक्कर, सभापति आसिफ़ भाई, विष्णु मरकाम पार्षद, प्रतिभा पटेल, ज्योति साहनी, राजेश साहू, बसंत शर्मा बसंत त्रिवेदी वं पत्रकार बंधु सहित हिंदू व मुस्लिम दोनों समाज के लोगों से चर्चा करते हुए होली त्यौहार सद्भाव के साथ मनाने को लेकर चर्चा की।

विदित हो की होलिका दहन संचालन सदस्यों ने मांग किया कि लोगो ने होली जलाने के लिए कंडे और दूसरे दिन पानी टैंकर समस्या एवं इमरजेंसी हॉस्पिटल में डॉ की उस्थित रहे इस बात को लेकर भी चर्चा की गई।

होली उल्लास व प्रेम का पर्व है। इसमें खलल डालने वाले बख्से नहीं जाएंगे-डीएसपी

डीएसपी गोपाल वैश्य ने कहा कि विभिन्न संप्रदाय के सदस्यों के द्वारा सभी तरह के पर्व-त्योहार संपूर्ण भाईचारे एवं सहयोग के साथ मनाने का गरियाबंद जिला का इतिहास रहा है ।वहीं उन्होंने लोगों को ओर्गेनिक रंग और गुलाल से होली खेलने की सलाह दी। कहा कि होली के मौके पर किसी भी तरह के असामाजिक कार्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वैसे असामाजिक तत्व जो क्षेत्र का माहौल को खराब करने की कोशिश करेंगे, उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने लोगों से किसी भी अनहोनी की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की ताकि समय रहते उस पर कार्रवाई की जा सके। श्री वैश्य ने कहा इस शांति समिति की बैठक का उद्देश्य यह है कि होली की तैयारी के लिए जनता एवं प्रशासन मिलकर विचार-विमर्श कर सभी आवश्यक कार्यों का निष्पादन करेंगे।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार



# आईपीएल 2024 से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स को बड़ा झटका, डेविड विली ने वापस लिया नाम




**नई दिल्ली( एजेंसी )।** क्रिकेट के सबसे बड़े त्यौहार इंडियन प्रीमियर लीग को शुरू होने में अब कुछ ही घंटे बचे हैं. लेकिन, इससे पहले एक के बाद एक इंग्लिश खिलाड़ी टूर्नामेंट से नाम वापस ले रहे हैं. इसी क्रम में लखनऊ सुपर जायंट्स को एक बड़ा झटका लगा है. टीम के तेज गेंदबाज डेविड विली ने निजी कारणों से टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है और वह शुरुआती मैचों में टीम का हिस्सा नहीं होंगे. एलएसजी के कोच जस्टिन लैंगर ने इस बात की पुष्टि कर दी है, मगर अभी उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि विली वापसी करेंगे या नहीं. विली से पहले इंग्लैंड के ही मार्क वुड, जेसन रॉय और गस एटकिंसन टूर्नामेंट से नाम वापस ले चुके हैं. आईपीएल 2024 के शुरू होने से पहले जस्टिन लैंगर ने कंफर्म कर दिया है कि इंग्लैंड के तेज गेंदबाज डेविड विली निजी कारणों के चलते टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं रहने वाले हैं. इससे पहले मार्क वुड भी सीजन से नाम वापस ले चुके हैं. ऐसे में अब एलएसजी को अपकमिंग सीजन में मार्क वुड और डेविड विली की कमी खलने वाली है. इस बारे में बात करते हुए जस्टिन लैंगर ने कहा, मार्क वुड ने टूर्नामेंट से नाम वापस ले चुके हैं और डेविड विली भी नहीं आ रहे हैं, जिससे एक्सपीरियंस थोड़ा कम होगा, लेकिन पिछले कुछ दिनों में हमने देखा है कि हमारे पास भरपूर कौशल है. हमारे कुछ प्लेयर्स को चोट लगी थी लेकिन अभी वे सभी फिट दिखाई दे रहे हैं. हमारे पास शमार जोसेफ और मयंक भी हैं, जो अच्छी गति से गेंदबाजी कर सकते हैं. इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के साथ ही केएल राहुल की भी वापसी देखने को मिलने वाली है. वह पूरी तरह से फिट हो चुके हैं और लखनऊ की कमान संभालते नजर आएंगे. लखनऊ की टीम पहली ट्रॉफी जीतने के इरादे के साथ मैदान पर उतरेगी. पिछले सीजन चोटिल होने के चलते केएल आधे सीजन से ही बाहर हो गए थे. उनकी गैरमौजूदगी में क्रुणाल पांड्या ने टीम की कमान संभाली थी और टीम को प्लेऑफ तक पहुंचाया था.

## व्यापार समाचार

## कैस्ट्रोल और बीपी ने सुपरस्टार शाहरूख खान को बनाया अपना ब्राण्ड अम्बेसडर

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** लुब्रिकेन्ट्स में विश्वस्तर पर अग्रणी और बीपी ग्रुप की सब्सिडरी कैस्ट्रोल ने बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरूख खान को अपना ब्राण्ड अम्बेसडर नियुक्त किया है। यह साझेदारी बेहतरीन परफॉर्मेन्स देने वाले लुब्रिकेन्ट्स उपलब्ध कराने की कैस्ट्रोल की प्रतिबद्धता की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम है। अगले दो सालों के दौरान शाहरूख खान बीपी और कैस्ट्रोल के डिजिटल, प्रिंट एवं टीवी कैंपेन्स में ब्राण्ड के प्रोडक्ट्स की व्यापक रेंज को दर्शाते नज़र आएंगे। इस अवसर पर श्री साशि मुकुंदन, प्रेज़ीडेन्ट, बीपी इंडिया एवं सीनियर वाईस प्रेज़ीडेन्ट, बीपी ग्रुप ने कहा, ''शाहरूख खान के साथ यह साझेदारी ऑटोमोटिव उद्योग में इनोवेशन एवं उत्कृष्टता के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह कदम परफॉर्मेन्स, विश्वसनीयता और स्थायित्व के हमारे साझा मूल्यों का प्रतीक है। हमें गर्व है कि हमें इस पहल का हिस्सा बनने का मौका मिला है, हम एक साथ मिलकर परिवहन के भविष्य को नया आयाम देने के लिए तत्पर हैं।'' श्री संदीप सांगवान, मैनजिंग डायरेक्टर,कैस्ट्रोल इंडिया लिमिटेड ने कहा, ''यह साझेदारी शाहरूख के शानदार करियर की तरह, इनोवेशन एवं उत्कृष्टता के लिए कैस्ट्रोल के समर्पण का प्रतीक है। उनके के साथ मिलकर हम आने वाली पीढ़ियों के लिए वाहनों के परफॉर्मेन्स को बेहतर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।'' शाहरूख खान को उनके तीन दशकों के शानदार करियर के लिए जाना जाता है, ठीक उनकी तरह कैस्ट्रोल भी निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। ऑटोमोबाइल्स के प्रति उनका जुनून कैस्ट्रोल के साथ इस साझेदारी को और भी सशक्त बनाता है। इस अवसर पर उत्साह व्यक्त करते हुए सुपरस्टार शाहरूख खान ने कहा, ''कैस्ट्रोल के साथ साझेदारी करते हुए मुझे बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, यह ऐसा ब्राण्ड है, जो अपने परफॉर्मेन्स के साथ मुझे प्रभावित करता रहा है। ऑटोमोबाइल्स के प्रति जुनून के चलते, मेरा मानना है कि कैस्ट्रोल मेरी तरह उत्कृष्टता के लिए समर्पित है। एक साथ मिलकर हम ड्राइवरों को प्रेरित और सशक्त बनाना चाहते हैं कि वे सुरक्षा के साथ खुली सड़कों पर वाहन चलाने का आनंद उठाएं।

## एंजेल वन ने आईपीएल के साथ अपनी आधिकारिक साझेदारी की घोषणा की

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** टैक्नोलॉजी आधारित वित्तीय सेवा कंपनी एंजेल वन लिमिटेड ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। यह साझेदारी 2024 से 2028 तक की पांच साल की अवधि के लिए है। इस दौरान कंपनी वित्तीय सेवा श्रेणी में आईपीएल के एसोसिएट पार्टनर के रूप में काम करेगी। इस गठबंधन के माध्यम से, एंजेल वन का लक्ष्य वित्तीय जागरूकता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए आईपीएल के जरिये बड़ी संख्या में देश में विशेषकर युवा वर्ग के बीच पहुंचना है। आईपीएल के साथ जुड़ने से एंजेल वन के लिए अपने ब्रांड को बड़े पैमाने पर प्रदर्शित करने का एक आकर्षक अवसर मिलेगा, क्योंकि इस कार्यक्रम की टेलीविजन और डिजिटल प्लेटफार्मों पर 800 मिलियन से अधिक दर्शकों तक पहुंच है। बीसीसीआई के साथ यह साझेदारी विकास और विस्तार के लिए नए रास्ते खोलने की एंजेल वन के दीर्घकालिक विजन और प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करती है। चूंकि कंपनी जेन जेड और यंग मिलेनियल्स पर ध्यान केंद्रित करने का इरादा रखती है, ऐसे में यह सहयोग बड़ी संख्या में दर्शकों के साथ जुड़ने के लिहाज से एक महत्वपूर्ण कदम है। एंजेल वन का उद्देश्य ब्रांड से जुड़ी आत्मीयता को बढ़ावा देना, जुड़ाव बढ़ाना और अपने लक्षित वर्ग के बीच अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए आईपीएल की व्यापक पहुंच का लाभ उठाना है। आईपीएल 2024 के लिए छह आधिकारिक सहयोगी भागीदारों में से एक एंजेल वन अपने इनोवेटिव सुपरऐप प्लेटफॉर्म को बढ़ावा देकर वित्तीय निवेश और व्यापार को सरल बनाने की दिशा में अपनी कोशिशों को जारी रखता है। हाल ही में, एंजेल वन ने सत्र्द्भुद्धश ।।इुद्वद्दद्यद्धड्डस्त्रश्चद्द कैम्पेन लॉन्च किया, जिसका उद्देश्य निवेश और व्यापार परिदृश्य में क्रांति लाना है। एंजेल वन शीर्ष गति, सुरक्षा और विश्वसनीयता प्रदान करके उपयोगकर्ता अनुभव को बढ़ाने के लिए समर्पित है, जो क्रिकेट प्रशंसकों के उनके पसंदीदा क्रिकेटरों के निरंतर प्रदर्शन में विश्वास और आश्वासन को दर्शाता है।

## वी ने लॉन्च किए स्पेशल आईपीएल ऑफर्स : प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए डिस्काउन्ट्स और एक्स्ट्रा डेटा

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** देश में क्रिकेट का बुखार अपने चरम पर है और प्रशंसक अपनी पसंदीदा आईपीएल टीमों को समर्थन देने के लिए उत्सुक हैं, इस बीच प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाता वी लेकर आए हैं नए आकर्षक स्पेशल डिस्काउन्ट ऑफर और एडिशनल/ बोनस डेटा पैकेज, जिनके साथ वी के उपभेक्ता आईपीएल के इस सीज़न क्रिकेट देखने का बेहतरीन अनुभव पा सकेंगे। वी के प्रीपेड उपभोक्ता अब डिस्काउन्ट और डेटा ऑफर्स की रेंज का लाभ उठा सकते हैं। लाईव मैच स्ट्रीमिंग हो, हाईलाईट्स या लेटेस्ट स्कोर पर अपडेट, वी हर किसी की ज़रूरत और पसंद के अनुसार विकल्प लेकर आया है, ताकि उपभोक्ता डेटा की चिंता किए बिना क्रिकेट देखने का बेहतर अनुभव पा सकें।

ये ऑफर्स एक्सक्लुज़िव रूप से सिर्फ वी ऐप पर उपलब्ध है:

रु 1449 पैक (1.5 जीबी प्रति दिन, वैलिडिटी: 180 दिन, अनलिमिटेड वॉइस कॉल्स) के साथ उपभोक्ताओं को रु 50 का डिस्काउन्ट मिलेगा। वहीं रु 3199 पैक (2 जीपी प्रति दिन, वैलिडिटी: 365 दिन, अनलिमिटेड वॉइस कॉल्स और 1 साल के लिए एमज़ॉन प्राइम वीडियो मोबाइल एडिशन) के साथ उपभोक्ता रु 100 का डिस्काउन्ट पा सकते हैं। इसके अलावा रु 699 पैक (3 जीबी प्रति /दिन, वैलिडिटी: 56 दिन, अनलिमिटेड वॉइस कॉल्स) के साथ उपभोक्ता रु 50 की छूट पा सकते हैं। यह पैक सुनिश्चित करेगा कि पर्याप्त डेटा के साथ आईपीएल देखने में किसी तरह की रूकावट न आए।

वी ऐप रु 181 पैक पर 50 फीसदी एक्स्ट्रा डेटा और रु 75 के पैके पर 25 फीसदी एक्स्ट्रा डेटा का ऑफर भी लाया हैं

इन ऑफर्स के अलावा कई आकर्षक डेटा पैक भी पेश किए गए हैं, जहां यूज़र रु 298 के पैक (28 दिन) पर 50 जीबी डेटा और रु 418 के पैक (56 दिन) पर 100 जीबी डेटा पा सकते हैं।

वी ने चुनिंदा रीचार्ज प्लान्स पर अतिरिक्त डेटा ऑफर्स भी पेश किए हैं जो 21 मार्च 2024 से 1 अप्रैल 2024 तक सभी प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए वैलिड हैं।

# लखनऊ में अपनी आईपीएल टीम से जुड़े केएल राहुल



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** आईपीएल शुक्रवार से शुरू हो रहा है। सभी टीमें मुकाबले के लिए तैयार हैं। इस बीच चोट के बाद कमबैक कर रहे केएल राहुल टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम लखनऊ सुपर जाइंट्स के साथ जुड़ने के लिए लखनऊ पहुंच चुके हैं। कप्तान ने नए मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के तहत सीजन के लिए अपना उत्साह शेयर किया। राहुल पिछले साल चोट के कारण आईपील से लगभग बाहर रहे। बुधवार को फ्लाइट लेट होने के कारण अभ्यास मैच के बाद टीम से जुड़े। उन्होंने सोशल मीडिया पर लखनऊ से लैंगर के साथ एक फोटो शेयर की, जिसमें कप्तान ने लिखा, नए युग की शुभ सुबह! लैंगर पहले ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम के कोच रह चुके हैं। उन्हें इस सीजन में लखनऊ टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। उन्होंने टीम में एंडी फ्लावर की जगह ली, जिनका फ्रेंचाइजी के साथ दो साल का अनुबंध आईपीएल 2023 सीजन के बाद समाप्त हो गया था। 2022 में आईपीएल में डेब्यू करने के बाद, फ्लावर के मार्गदर्शन में दो बार अंक तालिका में लखनऊ तीसरे स्थान पर रही और प्लेऑफ में पहुंची, लेकिन वे 2022 और 2023 में एलिमिनेटर से आगे बढ़ने में विफल रहे। राहुल को अपने दाहिने क्वाड्रिसेप्स में समस्या का सामना करना पड़ा था और वह जनवरी में हैदराबाद टेस्ट के बाद पूरी भारत-इंग्लैंड श्रृंखला से चूक गए थे।

## रोबिन्हो को बलात्कार के आरोप में 9 साल की सजा



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** पूर्व रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी स्टार रोबिन्हो को ब्राजील में बलात्कार के लिए 9 साल की जेल की सजा काटनी होगी। रियाल मैड्रिड के पूर्व स्ट्राइकर रोबिन्हो को इटली में गैंगरेप के आरोप में 9 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। यह घटना जनवरी 2013 की है। इससे पहले 2017 में, रोबिन्हो को 2013 में 22 वर्षीय अल्बानियाई महिला के गैंग रेप में शामिल होने के लिए इटली में 9 साल जेल की सजा सुनाई गई थी, जब वह एसी मिलान के लिए खेलते थे। लेकिन उस समय वह पहले ही अपनी ब्राज़ील चले गए, जो अपने नागरिकों का प्रत्यर्पण नहीं करता है। इसके बाद इटली ने ब्राज़ील से इस फुटबॉलर के खिलाफ एक्शन लेने की मांग की थी। रिपोर्ट के अनुसार, ब्राजील की एक अदालत ने इटली के अनुरोध के बाद अब फैसला सुनाया है कि उसे ब्राजील में जेल की सजा काटनी होगी। ब्राजील के सुपीरियर कोर्ट ऑफ जस्टिस के न्यायाधीशों ने रोबिन्हो की सजा को मान्य करने के लिए 9-2 से वोट किया। सुपीरियर ट्रिब्यूनल ऑफ जस्टिस (एसटीजे) मामले में डाले गए 10 वोटों में से आठ रोबिन्हो की गिरफ्तारी और घरेलू सरजमीं पर सजा काटने के पक्ष में थे। रोबिन्हो के वकील, जोस एडुआर्डो एल्कमिन ने अदालत में कहा कि उनका मुवक्किल राष्ट्रीय संप्रभुता के आधार पर ब्राजील में पुनर्विचार चाहता है, इसका मतलब है कि वो सुप्रीम कोर्ट में अपील करेंगे। पूर्व ब्राज़ीलियाई अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी, जिनके पास 100 राष्ट्रीय कैप हैं, ने रियाल मैड्रिड के साथ अपने चार साल के कार्यकाल के दौरान दो ला लीगा चैंपियनशिप जीती। बाद में सितंबर 2008 में ट्रांसफर की समय सीमा के दिन 32.5 मिलियन यूरो के तत्कालीन ब्रिटिश रिकॉर्ड शुल्क पर उनका ट्रांसफर मैनचेस्टर सिटी में हुआ।

## एचडीएफसी बैंक और टीडी बैंक ग्रुप ने कनाडा में भारतीय छात्रों के लिए बैंकिंग अनुभव को सरल बनाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए

**मुंबई ( एजेंसी )।** एचडीएफसी बैंक और टीडी बैंक ग्रुप (टीडी) ने आज कनाडा में पढ़ाई करने की योजना बना रहे भारतीय छात्रों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए एक विस्तृत संबंध की घोषणा की। इस समझौते के साथ, टीडी और एचडीएफसी बैंक एक नए रेफरल प्रोग्राम की घोषणा कर रहे हैं। एचडीएफसी बैंक कनाडा में पढ़ाई करने की योजना बना रहे छात्रों को टीडी इंटरनेशनल स्टूडेंट जीआईसी प्रोग्राम में रेफर करेगा। ये प्रोग्राम छात्रों को कनाडा सरकार के स्टूडेंट डायरेक्ट स्ट्रीम (एसडीएस) स्टडी परमिट रूट का आसानी से पालन करने में सक्षम बनाता है। यह रेफरल पार्टनरशिप दोनों बैंकों के मौजूदा संबंधों पर आधारित है, जहां टीडी ने 2015 से कनाडियन डॉलर क्लियरिंग के लिए एचडीएफसी बैंक के मुख्य कॉरेस्पोंडेंट बैंकिंग पार्टनर के रूप में काम किया है। एक तेजी से प्राप्त होने वाले स्टडी परमिट के लिए आवेदन करने के लिए कनाडियन सरकार की आवश्यकताओं के हिस्से के रूप में, छात्रों को वित्तीय सहायता का प्रमाण प्रदान करना आवश्यक है, जो एक पार्टनर कनाडियन फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन से गारंटीड इनवेस्टमेंट सर्टीफिकेट (जीआईसी) के माध्यम से पूरा किया जाता है। टीडी इंटरनेशनल स्टूडेंट जीआईसी प्रोग्राम छात्रों को डिजिटल रूप से अकाउंट खोलने और उन्हें अपने स्टडी वीजा और रहने की लिए जरूरी खर्च आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एचडीएफसी बैंक भारत का अग्रणी निजी क्षेत्र का बैंक है। 31 दिसंबर, 2023 तक, बैंक का वितरण नेटवर्क 3,872 शहरों/कस्बों में 8,091 शाखाओं और 20,688 एटीएम के साथ काफी व्यापक है। टीडी एसेट्स के हिसाब से कनाडा में दूसरा और नॉर्थ अमेरिका में छठा सबसे बड़ा बैंक है, और दुनिया भर में 27.5 मिलियन से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है। टीडी की कनाडा भर में 1,000 से अधिक शाखाएं हैं, जिनमें एडवाइजर हिंदी, पंजाबी, तमिल, गुजराती और उर्दू सहित 80 से अधिक भाषाएं बोलते हैं।

## एयरटेल का क्रिकेट प्रेमियों के लिए बोनांजा ऑफर, 39 की शुरुआती कीमत में मिलेगा खास आईपीएल ऑफर

**नई दिल्ली:** क्रिकेट का जुनून एक बार फिर पूरे देश में छाया हुआ है। आज से सबसे बड़ी टी20 लीग शुरू हो गई है। एयरटेल ने अपने यूजर्स के लिए विशेष, सीमित अवधि के आईपीएल बोनांजा ऑफर लॉन्च किए हैं, जो सिर्फ ?39 से शुरू होते हैं। अपने सभी प्रीपेड ग्राहकों के लिए, एयरटेल ने अपने मौजूदा अनलिमिटेड डेटा पैक प्लांस की कीमतों में बदलाव किया है। 49 और 99 के पैक्स को संशोधित कर 39 और 79 रुपये के दो नए विशेष पैक बनाए हैं। ये पैक आईपीएल 2024 के लिए विशेष तौर पर तैयार किए गए हैं ताकि एयरटेल के क्रिकेट फैंस को बिना किसी बाधा के लगातार कनेक्टिविटी मिल सके और यह सुनिश्चित हो सके कि मैच स्ट्रीम करते समय उनका डेटा खत्म न हो पाए। एयरटेल डीटीएच उपयोगकर्ताओं के लिए, एयरटेल डिजिटल टीवी ने वर्तमान आईपीएल 2024 सीजन के दौरान दर्शकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए स्टार स्पोर्ट्स के साथ साझेदारी की है।

## आईपीएल में विराट कोहली के नाम दर्ज है बल्लेबाजी का खास रिकॉर्ड




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 का आगाज शुक्रवार को गत विजेता चेन्नई सुपरकिंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मैच से होगा।इसमें सबकी नजरें विराट कोहली और महेंद्र सिंह धोनी पर होगी। कोहली के नाम इस लीग में बल्लेबाजी का खास रिकॉर्ड दर्ज है।वह किसी एक टीम के खिलाफ शून्य पर आउट हुए बिना 1,000 से अधिक रन बनाने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं।ऐसे में आइए उनके और अन्य खिलाड़ियों के आंकड़े जानते हैं। कोहली ने आईपीएल इतिहास में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ शून्य पर आउट हुए बिना सर्वाधिक 1,030 रन बनाए हैं। इसी तरह वह सीएसके के खिलाफ इसी तरह से 985 रन की सूची में दूसरे स्कोर पर भी हैं। इस मामले में शिखर पर (907 बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स), तीसरे, केएल राहुल (867 बनाम मुंबई इंडियंस) चौथे, डेविड वार्नर (861 बनाम आरसीबी) 5वें, धोनी (839 बनाम आरसीबी) छठे और सुरेश रैना (829 बनाम केकेआर) 7वें पर हैं। कोहली ने अप्रैल 2008 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने आईपीएल करियर का आगाज किया था।उन्होंने आईपीएल में अब तक 237 मैच खेले हैं, जिसमें 37.24 की औसत और 130.02 की स्ट्राइक रेट से 7,263 रन अपने नाम किए हैं।बता दें कि उनके अलावा किसी अन्य बल्लेबाज ने अब तक लीग में 7,000 रन भी नहीं बनाए हैं।

## लैंक्सेस इंडिया ने रेनोडीव - उत्पादन प्लांट का विस्तार पूरा किया

### भारतीय उपमहाद्वीप और एशियाई टायर और रबर मार्केट बाजारों की बढ़ती मांग को पूरा करेगा

**नागदा-** स्पेशियलटी केमिकल्स कंपनी लैंक्सेस ने 1 फरवरी 2024 को झागड़िया, गुजरात में रेनोडीव0 की उत्पादन लाइन के संचालन और विस्तार का काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस नए संयंत्र के साथ कंपनी की रीन केमी बिजनेस यूनिट की उत्पादन क्षमता उल्लेखनीय ढंग से बढ़ गई है । यह भारतीय उपमहाद्वीप और एशियाई टायर और रबर मार्केट की बढ़ती मांग को पूरा करने में सक्षम होगा ।

नई उत्पादन यूनिट में आधुनिक उपकरणों और तकनीक का प्रयोग किया जाएगा । इससे लैंक्सेस उच?च गुणवत?ता के टेक?नोलॉजी टायर रिलीज एजेंट्स का उत?पादन ज?यादा दक्षतापूर्वक कर पाएगा । लैंक्सेस का इसी तरह का एक दूसरा प्लांट अर्जेंटीना में भी है ।

हाई-परफॉर्मेंस टायर्स और मोल्डेड इलास्टोमर प्रॉडक्ट्स का उत्पादन पूरी तरह से प्रभावी रिलीज एजेंट्स के इस्तेमाल पर निर्भर करता है । टायरों और मोल्डेड इलास्टोमर प्रॉडक्ट्स के उत्पादन के लिए निर्माण की प्रक्रिया में सावधानी और स्क्रैप की कम दरें काफी महत्वपूर्ण है । रेनोडीव0 रिलीज एजेंट्स पूरी तरह से पानी पर आधारित, घुलनशील विशेषताओं और वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों (वीओसी) से मुक्त है । इस तरह, यह पर्यावरण के अनुकूल है।

लैंक्सेस रीन केमी बिजनेस यूनिट प्रोसेस चेन के हर चरण में सोल्यूशंस के साथ मार्केट की समझ, उत्पादन के ज्ञान के साथ उपभोक्ताओं की हर तरह से मदद के लिए संपूर्ण सेवाएं मुहैया कराती हैं ।

लैंक्सेस एजी के सीईओ और बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के चेयरमैन मैथियास जैशर्ट ने कंपनी में हो रही नई विकास गतिविधियों पर कहा, ﬖभारत हमारे लिए महत्वपूर्ण क्षेत्र है । यह रणनीतिक उपलब्धि क्षेत्र के हमारे मूल्यवान उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता की झलक देती है । इस नए प्लांट से न केवल कंपनी की उत्पादन क्षमता बढ़ेगी, बल्कि इससे भारतीय मार्केट की असीम क्षमता में हमारा भरोसा भी दिखेगा ।'

रीन केमी बिजनेस यूनिट के ग्लोबल हेड डॉ. जेंस हेडरीक फिशर ने कहा, ﬖझागड़िया साइट पर हमारी रेनोडीव0 प्रोडक?शन लाइन का विस्तार लैंक्सेस इंडिया की महत्वपूर्ण उपलब्धि है । रबर इंडस्ट्री के विश्वसनीय भागीदार के रूप में यह हमारी स्थिति को मजबूत करता है और नवाचार और स्थिरता के लिए हमारी प्रतिबद्धता का समर्थन करता है । उद्बोधन में पूरी टीम को कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता के लिए शुभकामनाएं दी ।(एजेंसी)

## TK Elevator भारत की तेजी से विकसित होती हुई अर्थव्यवस्था के साथ बढ़ते हुए नई उपलब्धियाँ हासिल कर रहा है

**नईदिल्ल।** मशहूर जर्मन मल्टीनेशनल एलिवेटर कंपनी, TK Elevator भारत में मोबिलिटी बाजार की डायनामिक्स को पहचानकर इस उद्योग में लगातार इनोवेशन और वृद्धि लेकर आ रही है। कमर्शियल, रिटेल, सार्वजनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, हैल्थकेयर, हॉस्पिटलिटी, एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में लंबे सहयोग के साथ कंपनी की वृद्धि से स्थानीय बाजार की ओर इसकी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। भारत की तेजी से विकसित होती हुई अर्थव्यवस्था में विलासितापूर्ण आवासीय घरों और विला की मांग बढ़ रही है, जिससे TK Elevator को इस बाजार में विकास करने के और ज्यादा अवसर मिल रहे हैं। भारत के विकसित होते हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर और अर्थव्यवस्था को सेवाएं देने की इसकी अडिग प्रतिबद्धता के साथ 2017 में चाकन, पुणे में TK Elevator की अत्याधुनिक आरएंडडी एवं मैनुफैक्चरिंग सुविधा का उद्घाटन किया गया था। भारत सरकार के ''मेक इन इंडिया'' अभियान के साथ TK Elevator के कई इनोवेटिव एवं टेक-आधारित उत्पादों का निर्माण स्थानीय स्तर पर स्वदेशी रूप से किया जाता है, ताकि वो स्थानीय ग्राहकों की जरूरतों के अनुकूल होकर उन्हें बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकें। TK Elevator भारत के इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास में विभिन्न सेक्टरों में मौजूद है, जिससे देश में प्राथमिक मोबिलिटी सॉल्यूशन पार्टनर्स में से एक के रूप में इसकी सफलता प्रदर्शित होती है।

दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, शनिवार 23 मार्च 2024

## बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक और पुलिस प्रेक्षक नियुक्त

**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बस्तर लोकसभा क्षेत्र में आम निर्वाचन के लिए सामान्य प्रेक्षक और पुलिस प्रेक्षक की नियुक्ति की गई है। आयोग ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2006 बैच के हरियाणा कैडर के अधिकारी डॉ. जे. गणेशन को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया है। वहीं भारतीय पुलिस सेवा के 2010 बैच के उत्तरप्रदेश कैडर के अधिकारी श्री रामकिशुन को पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।



# संक्षिप्त समाचार

## मतदान केन्द्रों का निरीक्षण पर निकले कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धनेली एवं उप स्वास्थ्य केंद्र दोंदेकला का भी किया निरीक्षण



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मतदान केन्द्रों के निरीक्षण पर निकले कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धनेली एवं उप स्वास्थ्य केंद्र दोंदेकला का भी किया निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य एवं उप स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं का जायज़ा लेकर वहाँ इलाजरत मरीज़ों से की बातचीत एवं जाना उनका हाल चाल। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक दिन पूर्व ही जचकी हुई श्रीमती रोशनी चेलक से मिलकर उनका स्वास्थ्य जाना। इस बीच नवजात शिशु की माँ और दादी से बात चीत कर जाना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपब्ध सुविधा एवं कार्यरत चिकित्सकों के कार्यशैली के बारे में। नवजात शिशु की माँ ने बताया कि यह उनका दूसरा पुत्र है 5 वर्ष पूर्व ही प्रथम पुत्र का जन्म इसी अस्पताल में हुआ था एवं दोनों ही बच्चे सामान्य प्रसव से हुए हैं। बच्चे की माँ और दादी दोनों ने ही केंद्र की सुविधा एवं कार्यरत चिकित्सकों तथा स्वास्थ्य कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट किया।

## पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा 2023 के परिणाम घोषित, यूपीएससी की तर्ज पर अभ्यर्थियों के वर्गवार तथा उपवर्गवार कटऑफ नंबर जारी

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा संघ लोक सेवा आयोग की तर्ज पर इस बार प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम जारी किए गए हैं। मुख्य परीक्षा हेतु अर्हता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों के अनुक्रमांक और नाम के साथ ही वर्गवार और उपवर्गवार कटऑफ नंबर भी घोषित किए गए हैं। आयोग द्वारा जारी परिणाम में मुख्य परीक्षा हेतु कुल 3597 अभ्यर्थियों ने अर्हता प्राप्त की है। छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा 17 सेवाओं हेतु कुल 242 पद विज्ञापित की गए थे। इसके लिए 1 लाख 58 हजार 211 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किए थे। चयन प्रक्रिया के पहले चरण के रूप में राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 का आयोजन 11 फरवरी 2024 को किया गया था। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ राज्य के युवाओं द्वारा लंबे समय से राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के परिणामों के साथ वर्ग और उपवर्गवार कटऑफ अंक जारी किए जाने की मांग की जाती रही है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा युवा प्रतिभागियों की मांग के अनुरूप इस बार प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम साथ कट-ऑफ अंक भी जारी किए गए हैं। प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम और वर्गवार तथा उपवर्गवार कटऑफ नंबर आदि की जानकारी के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की वेबसाईट https://www.psc.cg.gov.in/ पर लॉगिन किया जा सकता है।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित विभागों के नोडल अधिकारियों की ली बैठक

### श्रीमती कंगाले ने अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित विभागों को डाक मतपत्र से मतदान प्रक्रिया संपादित कराने नोडल अधिकारी नियुक्त करने के दिए निर्देश

### डाक मतपत्र से मतदान की पात्रता और प्रक्रिया की दी गई जानकारी






**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने आज लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत अधिसूचित 'अनिवार्य सेवाओं' के राज्य स्तरीय विभागीय नोडल अधिकारियों की आयोजित बैठक में जानकारी दी कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य हेतु 10 सेवाओं को 'अनिवार्य सेवा' के रूप में अधिसूचित किया गया है। इन 10 सेवाओं में स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, रेल परिवहन, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, बीएसएनएल, आल इण्डिया रेडियो, दूरदर्शन, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, मीडियाकर्मी जिन्हें आयोग की अनुमति से प्राधिकार पत्र जारी किये जाएंगे एवं भारतीय खाद्य निगम शामिल हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किए जाने से इन सेवाओं के ऐसे कर्मचारी, जो अपनी शासकीय ड्यूटी के कारण मतदान दिवस को मतदान केंद्र पर जाकर अपना वोट नहीं डाल पाते है, केवल उनके लिए डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की जाती है। ऐसे सभी कर्मियों को प्रारूप 12घ पर निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के पांच दिनों के भीतर संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना आवेदन करना होता है। छत्तीसगढ़ राज्य में लोकसभा का निर्वाचन तीन चरणों में होगा। बस्तर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए फॉर्म 12घ जमा करने की अंतिम तिथि 25 मार्च 2024, राजनांदगांव, कांकेर एवं महासमुंद में अंतिम तिथि 2 अप्रैल 2024, सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग एवं रायपुर में अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2024 है।

प्रारूप 12घ में आवेदन करने वाले कर्मचारी को आवेदन में अपना मोबाइल नम्बर, वोटर आईडी नंबर एवं मतदाता सूची में भाग संख्या एवं सरल क्रमांक सही-सही दर्ज करना होगा। उन्हें वोटर आईडी कार्ड की छायाप्रति भी साथ में संलग्न करनी होगी। निर्वाचक नामावली में कर्मचारी की अद्यतन भाग संख्या एवं सरल क्रमांक पता करने हेतु वोटर हेल्पलाइन एप्प का उपयोग किया जा सकता है जिसमे वोटर आईडी कार्ड नंबर डालकर इसे खोजा जा सकता है।

बैठक में सभी राज्य स्तरीय नोडल अधिकारियों को जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए गए। जिला स्तर पर नोडल अधिकारीयों को फॉर्म 12घ में प्राप्त आवेदनों को इसके भाग 2 में सत्यापित करना अनिवार्य होगा। बैठक में उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनय अग्रवाल ने जानकारी दी कि नियत समयावधि तक प्राप्त सभी पात्र अनुपस्थित अनिवार्य श्रेणी के मतदाताओं को जिले में पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापित कर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। पोस्टल वोटिंग सेंटर जिले में रिटर्निंग अधिकारी द्वारा निर्धारित किए गए लगातार 3 दिनों तक सुबह 9 से सायं 5 बजे तक संचालित किया जाएगा। पोस्टल वोटिंग सेंटर की स्थापना की सूचना से निर्वाचन लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों को अवगत कराया जाएगा ताकि वे मतदान की कार्यवाही के दौरान स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित रहकर इसका अवलोकन कर सकें। इसके साथ ही सम्पूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। प्रत्येक दिवस मतदान उपरान्त पोस्टल वोटिंग सेण्टर से प्राप्त सभी डाक मतपत्रों को ट्रेज़री स्थित स्ट्रांग रूम में रख कर मतपेटी को सील किया जाएगा।

फॉर्म 12घ में आवेदन प्राप्त होने और इसके स्वीकृत होने पर मतदाताओं को पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापना की तिथि एवं स्थान सम्बन्धी सूचना प्रदान की जाएगी जिससे कि वे आकर अपना मतदान कर सकें। ऐसे सभी मतदाता मतदान दिवस को मतदान केंद्र पर अपना वोट नहीं डाल सकेंगे। इसलिए इन सेवाओं के ऐसे व्यक्ति जो मतदान के दिन मतदान केंद्र जाकर अपना वोट डालने में सक्षम है उन्हें इस सुविधा की पात्रता नहीं होगी और उन्हें आवेदन फॉर्म 12घ नहीं भरना होगा।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पी.एस. ध्रुव, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती शारदा अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

## मोदी की गारंटी ने महिलाओं को आत्म निर्भर बनाया : बृजमोहन अग्रवाल



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भाजपा ने सदैव ही महिलाओं की बेहतरी और उनके सम्मान के लिए कार्य किया है। भाजपा सरकार द्वारा संचालित उज्जवला गैस सिलेंडर योजना, घर घर जल पहुंचाने अमृत मिशन योजना, महतारी वंदन योजना जैसी अनेक योजना है जो महिलाओं के हितों को ध्यान में रखकर संचालित किया जा रहा है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के लिए संसद में आरक्ष बिल पेश किया। मोदी मातृशक्ति के हितों की रक्षा होती रहे इसलिए आवश्यक है कि प्रदेश और राष्ट्र में भाजपा की सरकार बने। यह बात मंत्री एवं रायपुर से भाजपा लोकसभा उम्मीदवार श्री बृजमोहन अग्रवाल ने शुक्रवार को महिला सम्मान कार्यक्रम के दौरान कही। कार्यक्रम का आयोजन रायपुर शहर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा एकात्म परिसर में किया गया था।

बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यक्रम में शामिल महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि, विधानसभा में तो बहनों का प्यार भाजपा को पूरी तरह मिला। जिसकी बदौलत मैने अपने दक्षिण विधानसभा में कीर्तिमान रचते हुए करीब 78 हजार के बड़े अंतर से जीत दर्ज की है। जो छत्तीसगढ़ के इतिहास में सबसे बड़ी जीत है। इस लोकसभा चुनाव में भी पार्टी ने मुझे पुन: रायपुर लोकसभा से टिकट दिया है। ऐसे में आप बहनों पर मुझे पूर्ण विश्वास है कि मुझे जीत दिलाने और केंद्र में नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार बनाने अपना अमूल्य वोट भाजपा को ही प्रदान करेंगी।

इतना ही नहीं बृजमोहन अग्रवाल ने मोर्चा की महिला कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर काम करने और एक एक मतदाता से मिलकर उनको मोदी जी के कार्यों को बताने की अपील की। साथ ही यह भी कहा कि मतदान के समय गर्मी को ध्यान में रखना है और देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए जनता को वोट देने के लिए समझना हमारा दायित्व है। अग्रवाल ने आगामी चुनाव में ज्यादा से ज्यादा वोटिंग के लिए रणनीति पर भी कार्य योजना बनाने को कहा।

सम्मेलन में सांसद श्री सुनील सोनी, श्री संजय श्रीवास्तव, श्रीमती श्रीमति मीनल चौबे, सपना साहू, संध्या तिवारी, रश्मि शर्मा जी, प्रभा दुबे, मनीषा चंद्राकर, कृतिका जैन, नीलम सिंह, भारती, आशा, अनिता महानंद, महेश्वरी, कामिनी देवांगन, हरशिला रुपाली समेत सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल ने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।

## कलेक्टर ने समाज कल्याण और उप संचालक कार्यालय मत्स्य पालन का किया औचक निरीक्षण

### अनुपस्थित अधिकारी व कर्मचारियों के एक दिन के वेतन काटने का आदेश

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित में समाज कल्याण कार्यालय एवं उप संचालक कार्यालय मत्स्य पालन, तेलीबांधा का औचक निरीक्षण किया। कार्यालयीन समय पर अनुपस्थित पाये गये अधिकारियों व कर्मचारियों का एक दिन का असाधारण अवकाश घोषित करते हुए वेतन काटने का निर्देश दिया। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज सुबह 10:25 बजे उप संचालक कार्यालय मत्स्य पालन और 10:40 बजे सयुक्त समाज कल्याण कार्यालय कलेक्ट्रेट पहुंचे और कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी देखी। वहां कर्मचारी अनुपस्थित पाए जाने पर उपस्थिति पंजी अपने साथ ले आएं। साथ ही कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित समाज कल्याण और उप संचालक मत्स्य पालन को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। निरीक्षण के दौरा मत्स्य पालन विभाग के कुल 7 कर्मचारी एवं समाज कल्याण विभाग के कुल 8 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने नाराजगी जाहिर करते हुए समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए और एक दिन की असाधारण अवकाश घोषित करते हुए उनके एक दिन का वेतन काटने के लिए वित्त शाखा को निर्देश दिया।

## श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के कर्मचारियों और छात्रों ने 'विश्व ऑप्टोमेट्री दिवस' मनाया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के कर्मचारियों और छात्रों ने 22 मार्च को विश्व ऑप्टोमेट्री दिवस मनाया, जिसमें विज्ञान संकाय के अन्य छात्रों सहित स्वास्थ्य और व्यावहारिक विज्ञान विभाग के 200 से अधिक छात्रों ने ऑप्टोमेट्री के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए साथ आए।

उत्सव एसआरयू परिसर में हुआ, डॉ. सोनल व्यास, एमएमआई अस्पताल, रायपुर की नेत्र रोग विशेषज्ञ ने अपने संबोधन में छात्रों को अपने कौशल को लगातार उन्नत करने और रोगियों को अधिकतम देखभाल और संवेदनशीलता के साथ संभालने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। पोस्टर मेकिंग में दिखाई गई उनकी रचनात्मकता के लिए डॉ. सोनल द्वारा छात्रों की सराहना भी की गई। विद्यार्थियों के इन पोस्टरों में एक सशक्त संदेशात्मक भावना थी। इसके साथ ही नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ ने नि:शुल्क नेत्र जांच हेतु भाग लिया।

छात्रों ने लेंसकार्ट टीम द्वारा आयोजित विभिन्न रोमांचक गेम क्विज़ में भाग लिया, जिसमें ऑप्टोमेट्री विभाग के छात्रों ने विभिन्न पुरस्कार जीते और विभिन्न ऑप्टोमेट्री एवं स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर उद्योग के विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य विज्ञान पर एक कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम चलाया, जिससे छात्रों को महत्व समझने में मदद मिली। छात्रों ने पानी की बर्बादी से बचने के लिए सूखी होली मानकर 'जल बचाव' का भी सन्देश दिया। समारोह में विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर श्री हर्ष गौतम, कुलपति प्रो.एस.के.सिंह और डीन विज्ञान संकाय डॉ. अनुभूति कोशले भी उपस्थित थे और ऑप्टोमेट्री के क्षेत्र में बेहतरीन काम करने के लिए छात्रों को शुभकामनाएं साझा कर प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन दिलपलाई साहू और आकांशा चौधरी ने किया।

## कलेक्टर ने ज़ीरो पॉइंट विधानसभा सड़क निर्माण की गुणवत्ता देख त्वरित गति से निर्माण पूर्ण करने दिये निर्देश



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह आज चुनावी तैयारियों के संबंध में मतदान केंद्रों का दौरा करने निकले थे। इस दौरान विधानसभा ज़ीरो पॉइंट की सड़क बनाई जा रही थी। जिसको देखकर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने श्रमिकों एवं कार्यपालन अभियंता से कार्य की जानकारी ली। उन्होंने सड़क पर कुछ दूर चलकर उपयोग किए जाने वाले निर्माण सामग्री की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि विधानसभा ज़ीरो पॉइंट बेहद व्यस्त सड़क है जिसमें एक तरफ़ की आवाजाही रोककर निर्माण किया जा रहा है। उक्त निर्माण कार्य को समय-सीमा में और गुणवत्तापूर्वक बनाया जाये ताकि जानता को किसी प्रकार की असुविधा ना हो एवं इसका लाभ मिल सके। इस दौरान एसएसपी श्री संतोष सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप और रायपुर अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) श्री नंदकुमार चौबे तथा कार्यपालन अभियंता श्री विशाल त्रिवेदी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस के पूर्व मंत्री सहित 500 लोगों ने भाजपा का दामन थामा

**विष्णु के सुशासन को राज्य की जनता ने हाथो-हाथ लिया है अब लोकसभा में जनता ने मन बना लिया 400 पार: टंकराम वर्मा**

### लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने किया बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन



**महासमुंद/रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज कांग्रेस के पूर्व मंत्री डॉ. हरिदास भारद्वाज एवं सरायपाली राज परिवार के लीनेन्द्र बहादुर सहित 500 लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विचारधारा से प्रभावित होकर राजस्व, खेल एवं युवा मंत्री श्री टंकराम वर्मा तथा महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी श्रीमती रूपकुमारी चौधरी के समक्ष भाजपा का दामन थामा। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस के पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ हरिदास भारद्वाज, राजा नीलेंद्र बहादुर सिंह, रोमी सलूजा, छात्र नेता, सुशीला पटेल, अविनाश सिंह, पार्षद दुर्गा खिरचंद बारी, पूर्व पार्षद श्रीमती कृष्णा सलूजा, पूर्व कमर्चारी नपा ईश्वर यदु, सोसायटी अध्यक्ष तोषगांव मोहित रौतिया सहित राजेश मेहर, रसबो मेहर, दुखिश्यम पटेल, जयनंद गाहिर, आनंद साहू, चित्रसेन नायक, सोनसाय बरीह, परमेश्वर चौधरी सहित जनपद सदस्य, सरपंच, उपसरपंच, सचिव, पंच, ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता, पदाधिकारी हजारों की संख्या में आज भाजपा का दामन थामा। महासमुंद लोकसभा के अंतर्गत सरायपाली विधानसभा में आज भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया था। प्रदेश मंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा कामता पटेल एवं धनेश नायक के नेतृत्व में 500 कार्यकर्ता में 7 जनपद सदस्य, 8 सोसायटी अध्यक्ष, 10 सरपंच, 100 पंच सहित सामाजिक कार्यकर्ता सामाजिक कार्यकर्ता ने प्रवेश किया।

लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही भारतीय जनता पार्टी पूरे एक्शन मोड में है। 26 अप्रैल को महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है। चुनावी आगाज के लिए भारतीय जनता पार्टी ने महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा में बृहद कार्यकर्ता सम्मेलन करने का निर्णय लिया। उसी क्रम आज सरायपाली विधानसभा के चारों मंडल के कार्यकर्ताओं का एक बड़ा सम्मेलन हुआ। जिसमें कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री मान. टंक राम वर्मा ने कहा मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन को राज्य की जनता ने हाथों-हाथ लिया है और पूरे राज्य में अभूतपूर्व खुशी का माहौल है। यह नए और विकसित भारत के लिए है। हमारे प्रधानमंत्री सपनों में नहीं, संकल्प में यकीन करते हैं। पिछले विधनासभा चुनाव के परिणाम से हतोत्साहित नहीं होकर बल्कि उत्साहित होकर कार्यकर्ता फिर से लोकसभा चुनाव की तैयारी में दिन-रात जुटे हैं। मुझे संतोष का अनुभव हो रहा है कि भाजपा कार्यकर्ता और नेतागण बूथ से लेकर विधानसभा एवं जिले स्तर तक की सभी चुनावी तैयारियों में दिन-रात एक कर रहे हैं।

## कलिंगा विश्वविद्यालय में 'एचआरएम में नवीनतम रुझान' पर सेमिनार सम्पन्न




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** वाणिज्य और प्रबंधन संकाय, कलिंगा विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ ने 22 मार्च, 2024 को 'एचआरएम में नवीनतम रुझान' नामक एक सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार हाइब्रिड मोड में आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य मानव संसाधन प्रबंधन (एचआरएम) में समकालीन प्रथाओं और नवाचारों पर चर्चा करना था। इस कार्यक्रम ने एचआरएम के उभरते परिदृश्य से अवगत रहने में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को आकर्षित किया।

सेमिनार की शुरुआत श्री हुकुम चंद यादव के एक व्यावहारिक भाषण के साथ हुई, जिसमें उन्होंने रियल इस्पात एंड पावर लिमिटेड के एवीपी और हेड एचआर के रूप में अपनी समृद्ध विशेषज्ञता का परिचय दिया, उन्होंने दर्शकों को वास्तविक दुनिया के उदाहरणों और केस अध्ययनों से अवगत कराया और इस बात पर प्रकाश डाला कि आधुनिक संगठन कैसे तेजी से बदलते कारोबारी माहौल की मांगों को पूरा करने के लिए अपनी मानव संसाधन रणनीतियों को तीव्रता से बदलते रहते हैं।

दूसरे सत्र में हॉस्पिटैलिटी आईएमएस एसयूएम की प्रतिष्ठित प्रोफेसर डॉ. ऑरोलिपी दास ने गुणवत्ता प्रबंधन और प्रशासनिक पहलुओं पर ध्यान देने के साथ एचआरएम प्रथाओं को आकार देने वाले नवीनतम रुझानों पर अपनी अकादमिक अंतर्दृष्टि और शोध निष्कर्षों को साझा किया। डॉ. दास ने संगठनात्मक सफलता सुनिश्चित करने में मानव संसाधन की उभरती भूमिका का समग्र दृष्टिकोण प्रदान किया।

सेमिनार ने एक इंटरैक्टिव माहौल को बढ़ावा दिया, जिससे प्रतिभागियों को चर्चा में शामिल होने, सवाल पूछने और अपने अनुभव और दृष्टिकोण साझा करने की अनुमति मिली। उपस्थित लोगों ने वक्ताओं द्वारा साझा किए गए ज्ञान की गहराई और समकालीन मानव संसाधन परिदृश्य को समझने में चर्चा किए गए विषयों की प्रासंगिकता की सराहना की।

कलिंगा विश्वविद्यालय इस सेमिनार जैसे ज्ञान-साझाकरण प्लेटफार्मों को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है और एचआरएम के क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से और अधिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए तत्पर है।

सेमिनार का संचालन कलिंगा विश्वविद्यालय, रायपुर के वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय के डॉ. चंद्र भूषण सिंह और श्री रक्षक भारती ने किया। समारोह की संचालिका सुश्री दीप्ति पटनायक, सहायक प्रोफेसर वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय, कलिंगा विश्वविद्यालय, रायपुर थीं।

कलिंगा विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय की विभागाध्यक्ष श्रीमती शिंकी के पांडे ने आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के सेमिनार छात्रों के समग्र विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं।

चेहरे की चर्बी घटायें

चेहरे की झुर्रियां व चर्बी का वेजर द्वारा ईलाज
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता
ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न | Food Licence
इन्कम TAX फाईल | M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड | प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस | डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354